पौष शुक्ल - 2 | संवत 2081 | वर्ष - 12 | अंक - 157 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » बुधवार » 01-01-2025 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं करेंगे, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : फडणवीस

6 विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार

7 मनीषा कोइराला को खुद पर क्यों आई हंसी ?



## फर्स्ट टेक

### व्हाट्सएप पे अब सभी उपयोगकर्ता कर पायेंगे यूपीआई का उपयोग

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाता 'व्हाट्सएप पे' को यूपीआई उपयोगकर्ता जोड़ने पर लगाई गई सीमा तत्काल प्रभाव से हटा दी है। एनपीसीआई ने एक बयान में कहा कि इस सीमा को हटाए जाने के साथ ही व्हाट्सएप पे अब भारत में अपने सभी उपयोगकर्ताओं तक यूपीआई सेवाओं का विस्तार कर सकता है। इससे पहले, एनपीसीआई ने व्हाट्सएप पे को चरणबद्ध तरीके से अपने यूपीआई उपयोगकर्ता आधार का विस्तार करने की अनुमति दी थी। पहले यह सीमा 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं तक थी जिसे एनपीसीआई ने अब हटा दिया है। इस अधिसूचना के साथ एनपीसीआई ने व्हाट्सएप पे पर उपयोगकर्ता को जोड़ने की सीमा पर लगी पाबंदी हटा दी है।

### अमेरिका, ब्रिटेन के युद्धक विमानों का पश्चिमी यमन पर हमला

**काहिरा/एजेन्सी।** अमेरिका और ब्रिटेन के युद्धक विमानों ने पश्चिमी यमन के अल हुदैदाह प्रांत पर फिर से हमला किया, जो आंशिक रूप से शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हौथिस) के नियंत्रण में है। स्थानीय सरकार के एक सूत्र ने आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा, अमेरिकी और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने अल हुदैदाह प्रांत के दक्षिण में अट-तुहायता जिले के अल-फ़ज़ा क्षेत्र में अंसार अल्लाह भवन पर दो छापे मारे। अल हुदायदाह में पिछले कुछ दिनों में पहले ही कई बार बमबारी की जा चुकी है। पिछले हफ्ते, इजरायल ने प्रांत में एक बिजली संयंत्र, अल हुदैदाह बंदरगाह और उत्तर-पश्चिमी यमन में रास ईसा तेल बंदरगाह पर भी हमला किया था। इसके हमलों में यमन में छह लोग मारे गए और 40 घायल हो गए।

### श्रीलंका पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट और सरकारी वेबसाइट हैक

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट और सरकार के प्रिंटर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को साइबर हमले हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता एवं अधीक्षक के बी मनथुंगा ने कहा, ''हमारे यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साइबर हमले हुए। अब तक हमने यूट्यूब को छोड़कर बाकी सभी मंचों पर अपना नियंत्रण बहाल कर लिया है।'' उन्होंने कहा कि हैकर की पहचान कर ली गई है तथा जांच की जा रही है।

| | |
|---|---|
| 01-01-2025 सूर्यास्त 5:53 बजे | 02-01-2025 सूर्योदय 6:31 बजे |
| BSE 78,139.01 (-109.12) | NSE 23,644.80 (-0.100) |
| सोना 8,014 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 100,000 रु. प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नया साल

मनभावों में आया उछाल,
वो ही घोड़े है वही चाल।
वो ही रोटी है वही दाल,
है मँहगाई से बुरे हाल।
नेताओं की खुरदरी खाल,
वादों का वो ही मकड़जाल।
सब कुछ वो ही सबको मलाल,
लो आया फिर से नया साल।।

# देश को एकता और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे ले जाने का राष्ट्रपति का आग्रह

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नए साल की नागरिकों को शुभकामनाएं दीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नए साल की पूर्व संध्या पर मंगलवार को नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और सभी से ''हमारे समाज और राष्ट्र'' को एकता और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने एक संदेश में कहा कि नए साल का आगमन नई उम्मीदों, सपनों और आकांक्षाओं की शुरुआत का प्रतीक है।

मुर्मू ने कहा कि यह अवसर ''हमारी इच्छाओं'' को पूरा करने के लिए नए जोश के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ''आइए हम नए साल का स्वागत खुशी और उत्साह के साथ करें तथा अपने समाज और राष्ट्र को एकता और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे ले जाएं।''

राष्ट्रपति ने भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित : मोदी



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मोदी ने माई गोव इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा, सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम! 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं,






# आतिशबाजी, रंगारंग कार्यक्रमों के साथ नव वर्ष 2025 का दुनियाभर में स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वेलिंगटन/एपी।** न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड शहर में साल 2025 ने सबसे पहले दस्तक दी है। इस दौरान लोगों ने देश के सबसे ऊंचे स्काई टॉवर से रंग-बिरंगी आतिशबाजी व अन्य स्थान पर आयोजित लाइट शो का लुत्फ उठाया।

दक्षिण प्रशांत महासागर के देशों में नए साल का सबसे पहले आगाज होता है। दुनिया भर के अन्य शहर स्थानीय संस्कृतियों और परंपराओं के साथ नए साल का स्वागत करने को तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया में, पारंपरिक आतिशबाजी जरिए सिडनी हार्बर में 10 लाख से ज्यादा लोगों ने नव वर्ष का स्वागत किया। ब्रिटिश पॉप स्टार रॉबी विलियम्स के नेतृत्व में एक संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुतियां पेश की गई।

एशिया के देशों में भी नए साल के लिए तैयारियां जोरों पर रही। देश के सबसे बड़े उत्सव से पहले जापान का अधिकांश हिस्सा बंद हो गया है।

दक्षिण कोरिया में रविवार को जेजू एयर के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राष्ट्रीय शोक की अवधि के कारण समारोहों में कटौती की गई या उन्हें रद्द कर दिया गया। विमान हादसे में 179 लोग मारे गए थे।

थाईलैंड के बैंकॉक में दो प्रमुख शॉपिंग मॉल में संगीत कार्यक्रमों और आतिशबाजी शो के जरिए भीड़ जुटाने की होड़ मची रही। चीन और रूस में भी तैयारियां की गई हैं।

इजराइल में नए साल का जश्न फीका रहने की संभावना है क्योंकि हमास के साथ उसका युद्ध 15वें महीने में प्रवेश कर चुका है और कई बंधक अब भी कैद में हैं।


संघर्ष से तबाह लेबनान व गाजा में लोगों को नए साल से कोई उम्मीद नहीं है। वहीं, राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने के बाद सीरियाई लोग आने वाले वर्ष के लिए आशा और अनिश्चितता व्यक्त कर रहे हैं।

दुबई में, दुनिया की सबसे ऊंची गगनचुंबी इमारत बुर्ज खलीफा में होने वाले वार्षिक आतिशबाजी शो में हज़ारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

अमेरिका में भी लोग उत्साह के साथ नए साल का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन में लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

# मोदी के 'संविधान विरोधी राज' में गरीब, वंचित, मनुवाद का दंश झेल रहे हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दलित और आदिवासी समुदायों के लोगों के खिलाफ अपराध की कुछ हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार के संविधान विरोधी राज में गरीब तथा वंचित मनुवाद का दंश झेल रहे हैं।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद में गृहमंत्री अमित शाह, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित-विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी जाती है। ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को बीए परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है।

उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को आईसीयू की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है।

कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर कर दिए जाते हैं क्योंकि उन पर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है। उन्होंने दावा किया, ये जगज़ाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान-विरोधी राज में दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के ख़िलाफ़ लगातार अत्याचार हो रहे हैं। जो गरीब हैं, वंचित हैं वो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं।

### तमिलनाडु में गरीबों के लिए एक लाख 42 हजार मकान देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2025 में तमिलनाडु में गरीबों के लिए एक लाख 42 हजार 59 मकान देने का प्रस्ताव किया है। चौहान ने मंगलवार को चेन्नई में ग्रामीण से संबंधित केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में मार्च तक इन मकानों की पहली किस्त जारी कर दी जाएगी और मकानों के निर्माण जल्द पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों के लिए दो करोड़ मकान बनाए जायेंगे। इसके आवा तीन करोड़ लखपति दीदी बनायी जाएगीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भी लखपति दीदी कार्यक्रम चल रहा है और लगभग 10 लाख दीदियां लखपति बन चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तमिलनाडु में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत गत वर्ष 2023-24 में 12 हजार 603 करोड़ रुपए की मजदूरी दी गयी। इस साल भी अब तक सात हजार 220 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।

# केरल की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में 'ट्यूशन' शिक्षक को 111 साल की सजा सुनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के तिरुवनंतपुरम की विशेष त्वरित अदालत ने पांच साल पहले 11वीं कक्षा की छात्रा को बहला-फुसलाकर उससे बलात्कार करने के जुर्म में एक शिक्षक (ट्यूशन शिक्षक) को 111 साल के सश्रम कारावास की मंगलवार को सजा सुनाई तथा उसपर 1.05 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अदालत के आदेश अनुसार, यदि दोषी मनोज (44) जुर्माना नहीं भर पाता है तो उसे एक साल की और सजा काटनी होगी। मनोज की पत्नी को जब पता चला कि उसके पति ने एक नाबालिग से बलात्कार किया है तो उसने आत्महत्या कर ली।


न्यायाधीश आर.रेखा ने अपने फैसले में कहा कि मनोज पर किसी भी तरह की दया नहीं की जा सकती। यह घटना 2 जुलाई, 2019 की है।

अभियोजन के पक्ष के अनुसार, दोषी मनोज एक सरकारी कर्मचारी है और वह अपने घर पर 'ट्यूशन' पढ़ाता था।मनोज ने छात्रा को विशेष कक्षा का बहाना बनाकर अपने घर पर बुलाया और उससे बलात्कार किया तथा उसने अपने मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींच लीं।

## राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने नव वर्ष पर अपने संदेश में कहा

# चीन के साथ ताइवान के फिर से एकीकरण को कोई नहीं रोक सकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बीजिंग/भाषा।** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने नव वर्ष पर दिये गए अपने संदेश में कहा कि चीन के साथ ताइवान के पुन: एकीकरण को कोई कभी नहीं रोक सकता। उन्होंने अर्थव्यवस्था में जारी मंदी को लेकर देश में बढ़ती चिंताओं और अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बीच यह बात कही।

ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान बीजिंग के खिलाफ दंडात्मक आयात शुल्क और व्यापार उपाय लागू करने की पहले ही धमकी दे चुके हैं।

शी ने सरकारी टीवी चैनल पर प्रसारित अपने नए साल-2025 के संबोधन में कहा, ''ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर रहने वाले हम चीनी एक ही परिवार के हैं। कोई भी हमारे बीच नातेदारी के बंधन को कभी भी खत्म नहीं कर सकता है।''

चीन स्व-शासित द्वीप ताइवान को अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा होने का दावा करता है और एक अनिवार्य राजनयिक नीति के रूप में ताइवान को अपने हिस्से के रूप में मान्यता देते हुए 'एक चीन' की बात करता है।

अपने तीसरे पंचवर्षीय कार्यकाल के तहत शासन कर रहे शी ने हाल के वर्षों में ताइवान को चीन के साथ फिर से मिलाने के प्रयासों को तेज करने के लिए इसे एक प्रमुख सैन्य और राजनयिक पहल बनाया।

# भारत की संस्कृति और परंपरा का दुष्प्रचार करने वालों को मिलेगा करारा जवाब : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/एजेन्सी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग दुष्प्रचार कर रहे है, लेकिन उनको करारा जवाब दिया जाएगा। योगी यहां पांचवी बार महाकुंभ मेला की तैयारियों की समीक्षा करने मंगलवार को पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी छह प्रमुख स्नान पर्वों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी, इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए जाएं।

महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अराजक संगठनों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला साधु सुंतो का होता है और उनकी भावनाओं को सम्मान दिया जाना चाहिए। मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी संतों से सतत-संपर्क-संवाद बनाये रखें। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि प्रयागवाल और अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए।

योगी ने स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर एक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अगले तीन दिन में अरैल क्षेत्र में नया स्नान घाट तैयार करने के निर्देश दिए।

# रूस ने कीव समेत कई शहरों पर हमले किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कीव/एपी। रूस ने मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव तथा अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए कई मिसाइल और ड्रोन दागे।

यूक्रेन की वायु सेना ने तड़के तीन बजे बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे की सूचना दी, जिसके कुछ ही मिनटों बाद कीव में कम से कम दो धमाके सुने गए। सुबह आठ बजे एक और मिसाइल अलर्ट जारी किया गया, जिसके बाद शहर में कम से कम एक विस्फोट हुआ। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि मिसाइल का मलबा राजधानी के डार्नित्स्की जिले में गिरा, लेकिन किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

पूर्वोत्तर में सूमी क्षेत्र के अधिकारियों ने शोस्तका शहर के पास हमलों की सूचना दी। सूमी के मेयर मायकोला नोहा ने कहा कि 12 आवासीय इमारतों के साथ-साथ दो शैक्षणिक परिसरों को भी नुकसान पहुंचा है।


वायु सेना ने यूक्रेन के कई अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किए जाने की भी सूचना दी है।

युद्ध के दौरान यूक्रेन का लगभग आधा ऊर्जा बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है, और बड़े पैमाने पर बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है। यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने उसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणाली प्रदान की है।

### रूस सैन्यबलों के हमले में 505 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

मास्को/एजेन्सी। रूस के त्सेंट्र (सेंटर) समूह के बलों ने पिछले दिन 12 यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया, जिसमें कीव के 505 सैनिकों मारे गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि जैपैड (पश्चिम) समूह ने छह यूक्रेनी ब्रिगेडों और उपकरणों को नष्ट कर दिया तथा एक जवाबी हमले को विफल कर दिया। इस दौरान, 440 से अधिक यूक्रेनी सैनिक हताहत हुए। युग (दक्षिण) समूह ने अधिक लाभप्रद स्थिति प्राप्त की, जिसमें यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 290 से अधिक सैनिकों और दो पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को नष्ट कर दिया।

# एलन मस्क ने 'एच-1बी' वीजा कार्यक्रम पर अपना रुख नरम किया, बड़े सुधारों' का आह्वान किया



**वाशिंगटन/भाषा।** 'एच-1बी' वीजा कार्यक्रम के बचाव में ''किसी भी हद तक जाने''का संकल्प लेने वाले प्रौद्योगिकी अरबपति एलन मस्क ने इस मुद्दे पर अपना रुख नरम करते हुए कुशल विदेशी श्रमिकों को अमेरिका लाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली त्रुटिपूर्ण प्रणाली में सुधार का आह्वान किया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क और भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी को अपने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का नेतृत्व करने के लिए चुना है। पिछले हफ्ते मस्क ने तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी तकनीकी कंपनियों के लिए विदेशी कर्मचारियों की जरूरत है। मस्क ने पिछले सप्ताह 'एक्स' पर लिखा था, मैं उन कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं, जिन्होंने अमेरिका को मजबूत बनाने वाली स्पेसएक्स, टेस्ला और सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण किया है, इसका कारण 'एच-1बी' है। मस्क ने एक 'एक्स' यूजर के पोस्ट के जवाब में अपने पहले के बयान को वापस ले लिया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका को दुनिया की सबसे ''श्रेष्ठ प्रतिभाओं'' के लिए एक गंतव्य बनना चाहिए, लेकिन तर्क दिया कि वर्तमान 'एच-1बी' प्रणाली समाधान नहीं है।

# अरविंद केजरीवाल, आतिशी की झूठ, ठगी की राजनीति : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना पर मासूम एवं अबोध बच्चों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है तथा पुजारियों एवं ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह देने के वादे को झूठ और ठगी का एक और नमूना बताया है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ये आरोप लगाये।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा अपनी गंदी राजनीति कीस्वार्थपूर्ति के लिए मासूम एवं अबोध बच्चों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू विरोधी केजरीवाल अब नए-नए वादे कर रहे हैं कि पुजारियों एवं ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह देंगे, जबकि पिछले 17 महीनों से मौलवियों को भी 18 हजार रुपए नहीं दे रहे हैं, जो उन्होंने वादा किया था। केजरीवाल दिल्ली की जनता से झूठे वादे और ठगने में महारात हासिल की है, किन्तु दिल्ली की जनता विधानसभा चुनाव में उन्हें सत्ता से हटाकर सही जगह दिखाएगी। भाटिया ने कहा, पापी आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल कट्टर बेईमान अब ढोंगी और फरेबी भी बन गए हैं। केजरीवाल दिल्ली के बच्चों को भी नहीं बख्शा। दिल्ली के बच्चे पूछ रहे हैं कि केजरीवाल! क्यों नहीं सच्चे? केजरीवाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने दिल्ली प्रदेश के बच्चों को अपने घटिया एवं ओछी राजनीति में इस्तेमाल किया है।



भाटिया ने कहा कि दिल्ली के बच्चों के भविष्य और उनके प्रति सोच की सच्चाई पापी आपके संयोजक केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के चाल-चरित्र और चेहरे बेनकाब हो गए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आप नेताओं द्वारा बच्चों का राजनीतिक इस्तेमाल किए जाने के संबंध में कहा कि 30 दिसम्बर को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया कि अरविंद केजरीवाल और आतिशी मार्लेना के सोशल मीडिया एक्स पोस्ट में बच्चों को राजनीति में घसीटते हुए उनके दुरुपयोग करके उनके भविष्य को अंधकारमय बनाने का कृत्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस एक्स पोस्ट को तुरंत हटाया जाए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अरविंद केजरीवाल द्वाराबच्चों के राजनीति इस्तेमाल वाली वीडिया टैग किया हुआ एक्स पोस्ट को बहुत ही गंभीरता से लिया है, लेकिन केजरीवाल और आतिशीमार्लेना ने अभी तक एक्स पोस्ट को नहीं हटाया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और आतिशी मार्लेना ने बच्चों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है और उन बच्चों को राजनीति में ढकेला है। उनका यह कृत्य किशोर न्याय अधिनियम-2015 का उल्लंघन है। 05 फरवरी 2024 को निर्वाचन आयोग ने दिशानिर्देश जारी किए थे कि राजनीति में कोई भी बच्चों का वक्तव्य या उनकी उपस्थिति या उनके द्वारा राजनीतिक बयान देना,आदि गतिविधियां नहीं होनी चाहिए।




## उज्जैन को मूर्ति-शिल्प का केन्द्र बनाने के प्रयास किए जाएंगे : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/एजेन्सी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी विक्रमोत्सव-2025 और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा बैठक की।

डॉ यादव ने बैठक में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य न्याय, दानशीलता, सुशासन, वीरता की अद्वितीय मिसाल है। वे एक महान शासक थे। उन्होंने न केवल विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से बाहर किया बल्कि सुशासन के सभी क्षेत्रों में उनका विशेष स्थान रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के साहस, पराक्रम और पुरुषार्थ, उनकी कथाएं, उनके द्वारा प्रारंभ किया गया विक्रम संवत्, उनके महान इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़े हैं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि उज्जैन को मूर्तिशील्प का केन्द्र बनाए जाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के विभिन्न आयामों को देश और विदेश के सामने लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया है। सम्राट विक्रमादित्य के विक्रम संवत् के प्रवर्तन के अवसर पर उज्जैन में आने वाले दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा। विक्रमादित्य की न्याय परंपरा पर विवि में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा।



## हिमाचल के मुख्यमंत्री ने 'हर दिन सेहत' अभियान शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** मुख्यमंत्री सुखविदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'हर दिन सेहत' अभियान की शुरुआत की।

इस अभियान के तहत इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) शिमला और सिस्टर निवेदिता नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन करेंगे। ये गतिविधियां आईजीएमसी शिमला के विभिन्न वार्डों और ओपीडी के साथ-साथ शिमला नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित की जाएंगी।

सुक्खू ने इस बात पर जोर दिया कि अभियान के उद्देश्यों में बीमारियों की रोकथाम, सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस पहल की परिकल्पना स्वास्थ्य जागरूकता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा हिमाचल प्रदेश को अधिक स्वस्थ और जागरूक समाज में बदलने के दीर्घकालिक प्रयास के रूप में की गई है।

सुक्खू ने कहा, यह अभियान एक स्थायी और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हाईकोर्ट ने केटीआर की याचिका रद्द करने पर फैसला सुरक्षित रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

फॉर्मूला ई-रेस मामले



**हैदराबाद/एजेन्सी।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने फॉर्मूला ई-रेस मामले में पूर्व नगर प्रशासन मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) द्वारा दायर रद्द याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा।

अदालत ने गिरफ्तारी पर लगी रोक को भी फैसला सुनाए जाने तक बढ़ा दिया। उच्च न्यायालय ने पहले अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 31 दिसंबर, 2024 तक केटीआर को गिरफ्तार न करें, जबकि एसीबी को जांच आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की थी। एसीबी ने 19 दिसंबर को केटीआर के खिलाफ 2023 में हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस आयोजित करने में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का मामला दर्ज किया था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए) और 13(2) के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 409 और 120(बी) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई थी।

बहस के दौरान रामा राव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि मामले में धन के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए धन का उपयोग करने का कोई उदाहरण नहीं है और केटीआर को एक रुपए का भी लाभ नहीं हुआ है। एसीबी द्वारा नौ दिसंबर को जिन धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया, वे भी लागू नहीं थे। दवे ने कहा कि मामला एक साल बाद दर्ज किया गया जैसे कि बाद में सोचा गया हो। पूर्व मंत्री के वकील ने कहा कि मामला राजनीतिक प्रतिशोध के अलावा और कुछ नहीं है। एसीबी ने फॉर्मूला ई रेस मामले में केटीआर, जो पूर्व नगर प्रशासन मंत्री थे, को आरोपी - 1 के रूप में नामित किया है, तत्कालीन नगर प्रशासन विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार को आरोपी-2, और पूर्व हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी मुख्य अभियंता बीएलएन रेड्डी को आरोपी-3 बनाया है।

## राणा ने किसानों को 90 करोड़ का बोनस किया जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/एजेन्सी।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को नए वर्ष का तोहफ़ा देते हुए उनके लिए 90 करोड़ का बोनस जारी किया है।

राणा ने मंगलवार को यहाँ अपने कार्यालय से ऑनलाइन बोनस जारी करने के बाद कृषि, बागवानी एवं अन्य सहायक क्षेत्रों के लिए अधिकारियों के साथ प्री-बजट चर्चा भी की। उन्होंने आगामी बजट की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के व्यापक हित की योजनाओं के लिए बजट में रूपरेखा तैयार करें।

उन्होंने अधिकारियों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सभी 24 फसलों की खरीद को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने तत्काल राहत उपायों के तहत मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा घोषित सूखा राहत योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ दो हजार का बोनस प्रदान करते हुए 90 करोड़ जारी किए। यह निर्णय प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों से जूझ रहे धान उत्पादकों को समर्थन देने के उद्देश्य से लिया गया।

## पीपीएफ समेत सभी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें स्थिर

**नई दिल्ली/भाषा।** पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें एक जनवरी, 2024 से शुरू चौथी तिमाही के लिए अपरिवर्तित रहेंगी। वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अधिसूचित दरों से अपरिवर्तित रहेंगी।

अधिसूचना के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी। तीन साल की सावधि जमा पर दर तीसरी तिमाही में दी जा रही 7.1 प्रतिशत पर बनी रहेगी। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमश: 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होंगे। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर जनवरी-मार्च 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। तीसरी तिमाही की तरह, मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। पिछली चार तिमाहियों से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने पिछली बार वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं में बदलाव किया था। सरकार हर तिमाही में डाकघर और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

## नौसेना प्रमुख ने पोत तारिणी के चालक दल को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया



**नई दिल्ली/भाषा।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को भारतीय नौसेना के पोत तारिणी पर सवार दो महिला अधिकारियों को उनके अभियान में साहस, धैर्य और समर्पण का प्रदर्शन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह ''नौसेना बल को परिभाषित करने वाली अदम्य साहस की भावना का उदाहरण है।

नौसैन्य अधिकारियों ने बताया कि नौसेना प्रमुख ने अपनी पत्नी एवं नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी के साथ वीडियो लिंक के जरिए नाविका सागर परिक्रमा द्वितीय के चालक दल में शामिल लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से पोत तारिणी पर उनकी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बातचीत की। ऑनलाइन बातचीत नए साल की पूर्व संध्या पर हुई। अब तक की यात्रा और फ्रीमैंटल से लिटलटन तक दूसरे चरण में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा के दौरान, नौसेना प्रमुख ने दोनों अधिकारियों की ''उनके साहस, धैर्य और समर्पण के लिए सराहना की, जो भारतीय नौसेना को परिभाषित करने वाले अदम्य साहस का उदाहरण है। त्रिपाठी ने कहा कि उनके प्रयास न केवल उत्कृष्टता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं, बल्कि ''देश और दुनिया भर के युवाओं के लिए अपार प्रेरणा के स्रोत'' भी हैं। भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों की ओर से, नौसेना प्रमुख और एनडब्ल्यूडब्ल्यूए अध्यक्ष ने अभियान जारी रखने वाली टीम तारिणी को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## सरकार ने रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार सीबीआई निरीक्षक का पदक वापस लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निरीक्षक राहुल राज को 2023 में जांच में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक को वापस ले लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज को एजेंसी ने कथित तौर पर 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया था। यह कार्रवाई सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद की सिफारिश पर की गई है, जिन्होंने एजेंसी की आंतरिक सतर्कता प्रक्रिया में सामने आए भ्रष्ट तत्वों पर कार्रवाई की है।

एक अधिकारी ने बताया कि 2023 में प्रतिष्ठित पदक पाने वाले राज को 19 मई को मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अध्यक्ष अनिल भास्करन और उनकी पत्नी सुमा अनिल से 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था। दंपति को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

## टीटीडी ने तिरुपति में सर्व दर्शन टोकन जारी करने वाले केंद्रों की व्यवस्था की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुपति/एजेन्सी।** वैकुंठ एकादशी के अवसर पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) यहां सर्व दर्शन टोकन जारी करने वाले सभी केंद्रों पर तेजी से व्यवस्था कर रहा है जिससे श्रद्धालु अगले वर्ष 10 से 19 जनवरी तक 10 दिनों के लिए तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा कर सकें। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय के साथ व्यापक व्यवस्था कर रहे हैं। इसके एक भाग के रूप में, टीटीडी के इंजीनियरिंग विभाग की देखरेख में कतार लाइनें, बैरिकेड्स, शेड, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय जैसी सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं।

वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए पहले तीन दिनों (10, 11 और 12 जनवरी) के लिए टोकन, जिनकी संख्या 1.20 लाख है, नौ जनवरी 2025 को सुबह पांच बजे से जारी किए जाएंगे। इसके लिए तिरुपति के आठ केंद्रों के 90 काउंटरों और तिरुमाला के एक केंद्र के चार काउंटरों पर टोकन जारी किए जाएंगे। अपना मूल आधार कार्ड रखने वाले भक्त इंदिरा मैदानम, रामचंद्र पुष्करिणी, श्रीनिवासम कॉम्प्लेक्स, विष्णुनिवासम कॉम्प्लेक्स, भूदेवी कॉम्प्लेक्स, बैरागीपट्टेडा में रामानायडू उच्च विद्यालय, एमआर पल्ली में जिला परिषद उच्च विद्यालय, जीवाकोना में जिला परिषद उच्च विद्यालय (सभी तिरुपति में) में स्थापित किसी भी काउंटर पर जा सकते हैं और तिरुमाला के स्थानीय लोगों के लिए बालाजी नगर सामुदायिक हॉल (तिरुमाला) में व्यवस्था की गई है। शेष दिनों (13 से 19 जनवरी तक) को, अगले दिन के दर्शन के लिए केवल एक दिन पहले तिरुपति में भूदेवी कॉम्प्लेक्स, श्रीनिवासम और विष्णु निवासम में टोकन जारी करने की व्यवस्था की जा रही है। टीटीडी ने अपील की है कि केवल टोकन प्राप्त करने वाले भक्तों को ही उन्हें आवंटित निर्दिष्ट तिथि और समय स्लॉट पर तिरुमाला में दर्शन की अनुमति दी जाएगी।

## अमृतसर सीमा पर हेरोइन से भरे दो ड्रोन बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जालंधर/एजेन्सी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को अमृतसर सीमा पर हेरोइन से भरे दो ड्रोन बरामद किए हैं।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से दो ड्रोन बरामद किए, जिनमें से प्रत्येक में संदिग्ध हेरोइन थी। डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन के साथ सएक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 556 ग्राम) को बीएसएफ जवानों ने सुबह करीब 08:55 बजे अमृतसर जिले के रोरनवाला गांव से सटे सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे गश्त करते समय बरामद किया। एक और डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन के साथ एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 550 ग्राम) को बीएसएफ ने अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव से सटे एक खेत से बरामद किया। ये महत्वपूर्ण बरामदगी सीमा पार से हेरोइन की खेप के साथ-साथ पाक ड्रोन की किसी भी अवैध आवाजाही को रोकने को लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता को उजागर करती है, जिससे सीमा पार नार्को-सिंडिकेट के हताश प्रयासों को खत्म किया जा सके।

## नक्सली नए क्षेत्रों में विस्तार की ताक में, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली : गृह मंत्रालय की रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई के कारण नक्सली अंतरराज्यीय सीमाओं से लगे नए क्षेत्रों में घुसने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई खास कामयाबी नहीं मिली है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार के बहुआयामी दृष्टिकोण-- अर्द्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस द्वारा नक्सल विरोधी अभियान तथा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास पहल के परिणामस्वरूप हिंसक घटनाओं में 48 प्रतिशत की कमी आई है। 2013 में इस तरह की 1,136 घटनाएं हुई थीं जो घटकर 2023 में 594 हो गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में भी 65 प्रतिशत की कमी देखी गई, जो 2013 की तुलना में 397 से घटकर 2023 में 138 हो गईं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। वामपंथी उग्रवादी (एलडब्ल्यूई) हिंसा का भौगोलिक प्रसार काफी कम हो गया है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में 42 जिलों के 171 थानों में ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 2013 में 76 जिलों के 328 थानों में ऐसे मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है, हिंसा का दायरा काफी सीमित हो गया है और सिर्फ 25 जिलों में एलडब्ल्यूई हिंसा का 91% हिस्सा है। मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, देश के विभिन्न वामपंथी उग्रवादी संगठनों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सबसे शक्तिशाली बना हुआ है, जो कुल हिंसक घटनाओं में 90% से अधिक और मौतों के मामलों में 95% के लिए जिम्मेदार है। रिपोर्ट में कहा है, बढ़ते प्रतिकूल हालात के बीच, भाकपा (माओवादी) अंतर-राज्यीय सीमाओं से लगे नए क्षेत्रों में विस्तार करने का प्रयास कर रही है, हालांकि इसमें उसे कोई खास सफलता नहीं मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी पुरानी विचारधारा को कायम रखने के लिए संगठन अपने प्रभाव क्षेत्र की आबादी को हाशिए पर रखना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि (राज्य) सरकारों द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों और केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में वामपंथी उग्रवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों के हताहत होने का सबसे बड़ा कारण विस्फोटक उपकरण हैं। इसलिए गृह मंत्रालय ने आईईडी प्रबंधन में सर्वोत्तम तरीकों को बढ़ावा देने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके अलावा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस बलों में आईईडी से निपटने की व्यापक क्षमता विकसित करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य में समग्र सुधार का श्रेय वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा बलों की अधिक उपस्थिति और बढ़ी हुई क्षमता, बेहतर परिचालन रणनीति और विकास योजनाओं की बेहतर निगरानी को दिया जा सकता है।

## वर्ष 2024 में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने की कई घटनाएं हुईं, परीक्षा सुधार के कदम भी उठाये गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वर्ष 2024 में भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक की एक के बाद एक घटनाएं, परीक्षाएं रद्द होना और व्यापक विरोध प्रदर्शन देखे गए। इससे परीक्षाओं की शुचिता और प्रक्रिया को लेकर चिंताएं उत्पन्न हुईं, जबकि सरकार ने एक कठोर कानून अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं को रोकना है।

केंद्र ने देश में प्रतियोगी परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति भी गठित की। पेपर लीक की श्रृंखला में नवीनतम मामला बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा का है। बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा (सीसीई), 2024 को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के चलते रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी दो सप्ताह से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2024 में पेपर लीक का सबसे बड़ा मामला मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-स्नातक (यूजी) का था। कथित लीक के कुछ दिनों के भीतर ही एक सुसंगठित सिंडिकेट की संलिप्तता के बारे में चौंकाने वाले खुलासे हुए, जिसने छात्रों और कोचिंग सेंटर के एक नेटवर्क के बीच परीक्षा के पेपर प्रसारित किए थे। इस मामले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है।

हालांकि उच्चतम न्यायालय ने माना कि नीट-स्नातक में लीक हुआ है, लेकिन उसने परीक्षा रद्द करने से मना कर दिया और कहा कि लीक का असर व्यापक नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि क्या नीट-स्नातक परीक्षा को 'पेन और पेपर मोड' में ही आयोजित किया जाना चाहिए या इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा 'जेईई-मेन' और 'जेईई-एडवांस्ड' की तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा में परिवर्तित किया जाना चाहिए। नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को रद्द कर दिया गया था, क्योंकि गृह मंत्रालय को यह जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। नीट-स्नातकोत्तर (पीजी) और सीएसआईआर-यूजीसी नेट को भी इस आशंका के आधार पर रद्द कर दिया गया था कि उनमें भी गड़बड़ी हो सकती है।

अन्ना विवि मामला

# जांच टीम के सदस्य ने संस्थानों में सीसीटीवी व अन्य सुझाव दिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/मुंबई।** अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रही तथ्यान्वेषी टीम के एक सदस्य ने शिक्षण संस्थानों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक और सीसीटीवी निगरानी जैसे सुझाव दिए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा गठित टीम के सदस्य और महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रवीण दीक्षित ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि सार्वजनिक बसों में सीसीटीवी सुविधा और कैब में अलार्म बटन भी होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने से रोकने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की खातिर 'ऑडियो-विजुअल' तकनीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए और ऐसे मामलों की जांच की निगरानी मुख्यतया महिलाओं सहित आईपीएस अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए।

दीक्षित ने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके सुझावों वाली एक रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग को भेजी जाएगी। पिछले सप्ताह चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में 19 वर्षीय छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न की घटना का संज्ञान लेते हुए एनसीडब्ल्यू ने इसकी जांच के लिए दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया। पुलिस ने यौन उत्पीड़न के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एनसीडब्ल्यू सदस्य ममता कुमारी सहित तथ्यान्वेषी समिति घटना की जांच के लिए सोमवार को चेन्नई में थी। दौरे के बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी दीक्षित ने यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों की जांच के लिए कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शरारती तत्वों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रवेश नियंत्रण होना चाहिए और प्रत्येक आगंतुक का रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। दीक्षित ने सुझाव दिया, शिक्षण संस्थानों के परिसरों में दीवारें, सीसीटीवी जैसे भौतिक बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराए जाने चाहिए और तीसरे पक्ष के सुरक्षा ऑडिट के माध्यम से उसकी नियमित जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शिकायत की पुष्टि के लिए महिलाओं सहित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा तुरंत जांच की जानी चाहिए।

सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कन्याकुमारी में अय्यन तिरुवल्लुवर की प्रतिमा के रजत जयंती समारोह और तिरुक्कुरल से संबंधित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतने वाले छात्रों के सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन।

छात्रा का यौन उत्पीड़न

# भाजपा मदुरै से चेन्नई तक ''न्याय रैली'' निकालेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई ने छात्रा के यौन उत्पीड़न मामले को लेकर सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर हमला तेज करते हुए सोमवार को घोषणा की कि पार्टी का महिला मोर्चा पीड़िता के लिए न्याय की मांग को लेकर मदुरै से चेन्नई तक रैली निकालेगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने प्रदर्शन की घोषणा करते हुए आरोप लगाया कि आरोपी



द्रमुक से जुड़े हैं और मामले में ''सच्चाई छिपाने'' का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा के राज्य महिला मोर्चा की प्रमुख उमारती राजन के नेतृत्व में तीन जनवरी को मदुरै से चेन्नई तक ''न्याय रैली'' निकाली जाएगी। अन्नामलाई ने कहा, ''यह निर्णय लिया गया है कि चेन्नई में रैली के समापन पर महिला मोर्चा की मांगों का एक ज्ञापन तमिलनाडु के राज्यपाल को सौंपा जाएगा।'' मदुरै चेन्नई से करीब 450 किलोमीटर दूर स्थित है। अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में 19 वर्षीय छात्रा के यौन उत्पीड़न के मामले के कारण आक्रोश फैला हुआ है। घटना के संबंध में अब तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। द्रमुक ने इस बात से इनकार किया है कि आरोपी पार्टी का सदस्य है।

# केरल के मंत्री ने वायनाड भूस्खलन को गंभीर प्रकृति की 'आपदा' घोषित करने में देरी की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** वायनाड में हुए भूस्खलन को गंभीर प्रकृति की आपदा' घोषित करने में पांच महीने का समय लेने के लिए केंद्र की आलोचना करते हुए केरल के मंत्री के. राजन ने मंगलवार को कहा कि आपदा के दो महीने के अंदर यह ऐलान कर दिया जाता तो यह अधिक लाभदायक होता। राज्य सरकार को सोमवार को केंद्र से एक आधिकारिक पत्र मिला जिसमें बताया गया है कि वायनाड में हुए भूस्खलन को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित किया गया है ।

राजन ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार आपदा के दो महीने के भीतर घोषणा कर देती तो यह अधिक लाभकारी होता। मंत्री ने कहा, हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि केंद्र को ऐसी घोषणा करने में पांच महीने से अधिक समय क्यों लगा। उन्होंने कहा कि अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम



द्वारा आपदा के एक महीने के अंदर केंद्रीय गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दिए जाने के बावजूद, केंद्र की उच्च स्तरीय समिति भूस्खलन को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित करने के मामले को दबाकर बैठी रही।

राजन ने कहा कि केंद्र ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 13 के तहत आपदा प्रभावित लोगों के ऋण माफ करने तथा उनके पुनर्वास के लिए नए ऋण उपलब्ध कराने की राज्य की मांग पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**कन्याकुमारी** में तीन समुद्रों से घिरे कुमारी नोड में अय्यन तिरुवल्लुवर प्रतिमा के रजत समारोह में तिरुक्कुरल फोटोकॉपी, किताबें, ई-पुस्तकें और तिरुवल्लुवर प्रतिमा की एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन और दौरा किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुरू, नगर प्रशासन मंत्री के.एन. नेहरू, ग्रामीण विकास मंत्री ई. पेरियासामी, संसाधन मंत्री डॉ. के. पोनमुडी, लोक निर्माण मंत्री ई.वी. वेलु, तमिल विकास और सूचना मंत्री म.प्र. सामिनाथन और संसद सदस्य कनिमोझी आदि उपस्थित थे।

# केरल में अर्द्धनिर्मित कॉलेज हॉल में जला हुआ शव मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कराकुलम में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के अर्द्धनिर्मित हॉल में मंगलवार को एक जला हुआ शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कॉलेज के सुरक्षाकर्मियों को सुबह करीब आठ बजे शव मिला। उसने बताया कि घटनास्थल पर जला हुआ टायर और पेट्रोल का डिब्बा जैसी चीजें भी मिली हैं। पुलिस ने बताया कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है।

कॉलेज के मालिक का मोबाइल फोन भी पास में ही मिला और उसकी कार इमारत के बाहर खड़ी थी, जिससे यह संदेह हुआ कि शव उसका ही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए




जांच करानी होगी। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल फोन को संभवतः घटना को रिकॉर्ड करने के लिए कुर्सी पर रखा गया था।

राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री जी. आर. अनिल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सबूत जुटाने के लिए मामले की वैज्ञानिक जांच की जा रही है।

# केरल उच्च न्यायालय ने 2024 में एक लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** केरल उच्च न्यायालय ने वर्ष 2024 में मामलों को प्रभावशाली ढंग से निपटाया है जो लंबित मामलों को कम करने और समय पर न्याय प्रदान करने के अदालत के समर्पण को दर्शाता है।

अदालत ने इस साल एक लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, न्यायालय ने एक जनवरी से 27 दिसंबर, 2024 तक 1,10,666 मामलों का निपटारा किया।

न्यायमूर्ति पी वी कुन्हीकृष्णन ने सबसे अधिक 11,140 मामलों का निपटान किया। उनके बाद न्यायमूर्ति सी एस डायस ने 8,320 मामलों का, न्यायमूर्ति नागरेश ने 6,756 मामलों का जबकि न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने 6,642 मामलों का निपटारा किया। सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने 6,196 मामलों का निपटारा किया। उन्होंने बताया कि इस आंकड़े को हासिल करने में कई अन्य न्यायाधीशों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इनमें न्यायमूर्ति डी के सिंह (5,140 मामले), न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास (4,872 मामले), न्यायमूर्ति पी गोपीनाथ ने (4,172 मामले), न्यायमूर्ति वी जी अरुण ( 3,739 मामले), न्यायमूर्ति बदरुद्दीन (3,435 मामले) और न्यायमूर्ति मुरली पुरुषोत्तमन (3,059 मामले) शामिल हैं । केरल उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 47 है। इसमें 35 स्थायी न्यायाधीश शामिल हैं, जिनमें से एक मुख्य न्यायाधीश है, और 12 अतिरिक्त न्यायाधीश हैं। वर्तमान में न्यायालय में 45 न्यायाधीश कार्यरत हैं।

# विजयन ने नारायण गुरु को सनातन धर्म के समर्थक के रूप में चित्रित करने के प्रति आगाह किया



मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु का तपस्वी जीवन ही संपूर्ण चातुर्वर्ण्य व्यवस्था पर सवाल उठाता है और उसे देता है चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वरकला/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को संत-समाज सुधारक श्री नारायण गुरु को सनातन धर्म के समर्थक के रूप में चित्रित करने के 'संगठित प्रयासों' के खिलाफ चेतावनी दी। नारायण गुरु ने लोगों के लिए 'एक जाति, एक धर्म और एक ईश्वर' की वकालत की थी। उन्होंने दावा किया कि गुरु न तो सनातन धर्म के प्रवक्ता थे और न ही इसके अनुयायी बल्कि वह एक संत हैं, जिन्होंने सनातन धर्म का पुनर्निर्माण किया और नये युग के लिए उपयुक्त धर्म की घोषणा की।

विजयन ने कहा कि सनातन धर्म कुछ और नहीं बल्कि 'वर्णाश्रम धर्म' (जाति-आधारित सामाजिक व्यवस्था) है, जिसे गुरु ने चुनौती दी और उस पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गुरु ने नये युग के जिस 'मानवतावादी धर्म' की वकालत की वह समय के साथ खड़ा है। विजयन ने यहां श्री नारायण धर्म संगम के मुख्यालय शिवगिरी में आयोजित तीर्थ सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि गुरु को सनातन धर्म के ढांचे में ढालने की कोशिश करना संत का बहुत बड़ा अपमान है। उन्होंने कहा कि वर्णाश्रम धर्म सनातन धर्म का पर्याय या अभिन्न अंग है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु का तपस्वी जीवन ही संपूर्ण चातुर्वर्ण्य व्यवस्था पर सवाल उठाता है और उसे चुनौती देता है। उन्होंने कहा, समाज सुधारक श्री नारायण गुरु को महज एक धार्मिक नेता या धार्मिक संत के रूप में कमतर आंकने के प्रयासों को समझना चाहिए। यह समझना चाहिए कि गुरु का कोई धर्म या जाति नहीं है।

विजयन ने कहा कि अगर कोई गुरु को जाति या धर्म की सीमा में रखने की कोशिश करता है, तो इससे ज्यादा ऋषि का अपमान नहीं हो सकता। विजयन ने लोगों से ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ऐसा न होने दें। दृढ़ता से कह सकते हैं कि इस तरह की गलत व्याख्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## केरल की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में 'ट्यूशन' शिक्षक को 111 साल की सजा सुनाई

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम की विशेष त्वरित अदालत ने पांच साल पहले 11वीं कक्षा की छात्रा को बहला-फुसलाकर उससे बलात्कार करने के जुर्म में एक शिक्षक (ट्यूशन शिक्षक) को 111 साल के सश्रम कारावास की मंगलवार को सजा सुनाई तथा उसपर 1.05 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत के आदेश अनुसार, यदि दोषी मनोज (44) जुर्माना नहीं भर पाता है तो उसे एक साल की और सजा काटनी होगी।

मनोज की पत्नी को जब पता चला कि उसके पति ने एक नाबालिग से बलात्कार किया है तो उसने आत्महत्या कर ली। न्यायाधीश आर.रेखा ने अपने फैसले में कहा कि मनोज पर किसी भी तरह की दया नहीं की जा सकती। यह घटना 2 जुलाई, 2019 की है। अभियोजन के पक्ष के अनुसार, दोषी मनोज एक सरकारी कर्मचारी है और वह अपने घर पर 'ट्यूशन' पढ़ाता था।

मनोज ने छात्रा को विशेष कक्षा का बहाना बनाकर अपने घर पर बुलाया और उससे बलात्कार किया तथा उसने अपने मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींच लीं। दुष्कर्म की घटना के बाद बच्ची बहुत डर गई थी और उसने ट्यूशन आना बंद कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने तस्वीरें वायरल कर दीं।

घटना की जानकारी होने पर बच्चे के परिजनों ने फोर्ट थाने में शिकायत दर्ज कराई।



विभिन्न आवासीय परियोजनाओं की प्रगति पर बैठक

# आवासीय योजनाओं पर जीएसटी रद्द करने के लिए प्रधानमंत्री से मिलेंगे : टीबी जयचन्द्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार के दिल्ली के विशेष प्रतिनिधि टीबी जयचंद्रा ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत गरीबों के लिए बनाए गए घरों पर लगाए गए 18 प्रतिशत जीएसटी को रद्द करने का अनुरोध करेंगे।

विधानसौधा में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं से संबंधित लंबित प्रस्तावों की समीक्षा बैठक में आवास, वीसीपी एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी.जेड. ज़मीर अहमद खान ने अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि 18 फीसदी जीएसटी के कारण लाभुकों को घर बनाने के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये देने होंगे। इसका असर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर पड़ा है और वे अधिक भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं। बैठक में मंत्री जमीर ने बताया कि टैक्स रद्द करने की तत्काल आवश्यकता को केंद्र सरकार के ध्यान में लाया जाना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जयचंद्र ने कहा कि वह प्रधानमंत्री से मिलकर अनुरोध करेंगे और उन्हें ऐसा निर्णय लेने के लिए मनाएंगे जिससे पूरे देश के गरीब लोगों को फायदा होगा।

राज्य में कुल 2865 झुग्गियां हैं, जिनमें से 635 झुग्गियां बेंगलूरु में हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मलिन बस्तियों के विकास के लिए केंद्र सरकार को 3,682 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा और केंद्रीय आवास एवं स्लम बोर्ड मंत्री का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 45,124 आवास बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से 8287 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा 31,626 आवासों का कार्य प्रगति पर है। हालाँकि इस प्रोजेक्ट में सड़क, सीवरेज, पेयजल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, ड्रेनेज और एस.टी.पी. राजीव गांधी हाउसिंग कॉर्पोरेशन की परियोजनाओं पर चर्चा के दौरान यह बात ध्यान में लाई गई कि हितग्राही निर्मित मकानों में नहीं जा रहे हैं क्योंकि वे मकान उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। इस परियोजना के लिए, विशेष रूप से उपरोक्त बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए, केंद्र सरकार ने रुपये आवंटित किए हैं। बैठक में महसूस किया गया कि दिल्ली को 660 करोड़ रुपये जारी करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

राज्य भर में अल्पसंख्यक बस्तियों के विकास के लिए 171 नए जिले और तालुक-वार प्रस्ताव केंद्र सरकार को सौंपे गए हैं। जमीर ने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार 60:40 वितरण फॉर्मूले में फंड जारी करे तो अल्पसंख्यकों की कॉलोनियों का विकास किया जा सकता है। जयचंद्र ने कहा कि वह केंद्रीय शहरी विकास, आवास और अल्पसंख्यक कल्याण विकास मंत्रियों से मिलेंगे और राज्य के प्रस्तावों को अनुमति दिलाने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करेंगे।

# ठेकेदार की आत्महत्या मामले में बिना सबूत प्रियांक खरगे को निशाना बना रही भाजपा : जी. परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी प्रियांक खरगे का बचाव करते हुए कहा कि उनके खिलाफ अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं। पिछले सप्ताह बीदर में एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग कर रही है। गृह मंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि सीआईडी जांच से सच्चाई सामने आएगी।

ठेकेदार ने सात पन्नों का एक नोट छोड़ा था, जिसमें उसने एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप लगाए हैं, जो खरगे का सहयोगी बताया जा रहा है। भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से प्रियांक खरगे को तत्काल इस्तीफा दिलाने की मांग की और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए चार जनवरी की समयसीमा तय की। पार्टी ने ऐसा न करने पर कलबुर्गी में एक बड़ी रैली आयोजित करने के बाद मंत्री के आवास का घेराव करने की धमकी दी है। परमेश्वर ने भाजपा की मांग पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, प्रियांक खरगे ने खुद स्पष्ट किया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने (प्रियांक ने) कहा कि सुसाइड नोट में उनका नाम नहीं है। इसके



बावजूद भाजपा उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है। कोई आधार तो होना चाहिए। अगर कोई सबूत है कि प्रियांक खरगे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं तो ठीक है लेकिन बिना किसी सबूत के किसी व्यक्ति पर बेवजह आरोप लगाना सही नहीं है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है और उन्हें इस स्तर तक नहीं गिरना चाहिए क्योंकि उनकी भी सरकार रही है और वे केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं।

गृह मंत्री ने कहा, सरकार चलाते समय हम सभी जिम्मेदारी से काम करते हैं। प्रियांक खरगे भी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ बेवजह आरोप लगाए जा रहे हैं, अगर कोई सबूत है तो हम स्वीकार करेंगे। ठेकेदार सचिन मोनप्पा पंचाल (26) ने 26 जनवरी को ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि खरगे के करीबी सहयोगी राजू कपनूर ने ठेका देने के लिए एक करोड़ रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।



# राज्यपाल बागड़े ने रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की सैर की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मंगलवार को सपरिवार सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान गये और बाघिन रिद्धि तथा उसके शावकों को देखा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, उन्होंने कुछ देर वहीं ठहरकर बाघिन रिद्धि और शावकों की अठखेलियां देखी। राज्यपाल ने बाघिन परिवार के साथ ही अन्य वन्यजीवों एवं रणथंभौर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। बयान के मुताबिक, बागड़े ने अरावली पहाड़ियों और विंध्य पठार के आसपास स्थित रणथंभौर वन को भी बहुत महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि वन्य जीव अभयारण्य पर्यटन की दृष्टि से देश का महत्वपूर्ण स्थान है। इससे पहले रणथंभौर राष्ट्रीय पार्क स्थित जोगी महल में सवाई माधोपुर के वन अधिकारियों ने उनकी अगवानी की तथा राष्ट्रीय पार्क की पारिस्थितिकी के बारे में बताया।

# अनियमितता संबंधी प्रकरणों में जांच समयबद्ध सीमा में हो पूरी : दक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि जिन सहकारी समितियों में अनियमितता सबंधी प्रकरण सामने आए हैं और उनकी जांच सहकारी कानून के तहत धारा 55 या 57 के तहत करवायी जा रही है तो जांच को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

दक ने सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सहकारिता मंत्री कार्यालय से प्राप्त विभिन्न शिकायतों के प्रकरणों में विभाग स्तर से की गई कार्यवाही प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि पत्रों में जो भी शिकायत के बिन्दु हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा लगातार फोलो-अप भी करें ताकि न्यायसंगत कार्यवाही हो सके एवं शिकायत के प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध राहत को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता से भी संपर्क कर उसका पक्ष सुने एवं रिकार्ड से सत्यापन करके ही जांच रिपोर्ट दें।



यदि किसी भी प्रकरण में जांच अधिकारी द्वारा फौरी तौर पर बिना रेकार्ड सत्यापित किये जांच रिपोर्ट दी गई है तो ऐसे अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार श्रीमती मंजू राजपाल ने निर्देश दिये कि प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग, सोयाबीन एवं मूंगफली की खरीद की जा रही है। खरीद केन्द्रों पर खरीद की व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिये प्रतिदिन जिले के इकाई उप-रजिस्ट्रार एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक विजिट करें और जो भी समस्या आ रही है, राजफैड के अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर उसका निराकरण सुनिश्चित करें।

श्रीमती राजपाल ने कहा कि कार्मिकों की कार्यालयों में उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिये बायोमीट्रिक उपस्थिति मशीन स्थापित की जायेगी। इसकी शुरूआत सहकार भवन से होगी, उसके बाद इस प्रणाली को सहकारिता विभाग के प्रदेश के सभी कार्यालयों के लिये लागू किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इससे आमजन को बार-बार सहकारी कार्यालयों में चक्कर नहीं लगाने पडेंगे और उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण संभव हो सकेगा।



# भजनलाल शर्मा ने मेहंदीपुर बालाजी में पूजा अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री जयपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा मीन भगवान मंदिर के पास हेलीपैड पर उतरे। सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल सहित भाजपा नेताओं ने शर्मा का स्वागत किया।

बालाजी मंदिर में महंत नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया। मुख्य मंत्री ने बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद गोवर्धन पूंछरी का लौठा के लिए रवाना हुए। आईजी अजयपाल लाम्बा, कलेक्टर देवेन्द्र कुमार, एसपी रंजीता शर्मा, एएसपी लोकेश सोनवाल, सिकराय एसडीएम डॉ नवनीत कुमार, मानपुर डीसपी दीपक मीणा आदि थे।



# उत्तरी हवाओं से राजस्थान में गलन वाली सर्दी, कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में उत्तरी बफीर्ली हवाओं के असर से सर्दी तेज हो गई और गलन वाली ठंड तथा कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार, शीतलहर के आगामी दो-तीन दिन तक यथावत रहने और बुधवार को शीतलहर का प्रभाव और बढ़ने की संभावना है। केन्द्र के अनुसार, मंगलवार को सुबह घने कोहरे के कारण जयपुर, अजमेर, राजसमंद, सीकर, पाली, कोटा, जोधपुर, उदयपुर सहित कई जिलों में दृश्यता कम रही और सड़कों पर वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडा।

केन्द्र के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मैदानी इलाकों में श्रीगंगानगर और बीकानेर का लूणकरणसर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां मंगलवार को सुबह न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री दर्ज किया गया। फतेहपुर में 4.8 डिग्री, अजमेर में 4.9 डिग्री, बीकानेर में 5.2 डिग्री, डबोक में 5.6 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 6.2 डिग्री, चूरू में 6.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर समेत कई जगहों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

राजस्थान में मंगलवार को मौसम में जबरदस्त ठंड और गलन का प्रभाव देखने को मिला। पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं पर शीत दिन तथा पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं शीत दिन से अति शीत दिन दर्ज किया गया है। पश्चिमी राजस्थान में जबरदस्त शीतलहर चल रही है। राजधानी जयपुर में सुबह से कुहासे के चलते मौसम में गलन महसूस की जा रही है।

राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में ठंड अपने पूरे तेवर दिखा रही है। मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन शहर का तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शहर में नए साल के जश्न मनाने के लिए पर्यटक भी पहुंचे हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इस बार शरद महोत्सव का आयोजन नहीं हो रहा है। पुलिस प्रशासन ने नववर्ष-2025 के कार्यक्रमों को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शोक सभा



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को जयपुर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की शोक सभा में शामिल हुए।

# बोरवेल में गिरी बच्ची को बाहर निकालने का अभियान नौवें दिन भी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कोटपूतली जिले के संरूड थाना क्षेत्र में गत सोमवार को 150 फुट गहरे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान मंगलवार को नौवें दिन भी जारी है। अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल समानांतर सुरंग खोदने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली जिले के सरुंड थाना क्षेत्र के कितरपुरा इलाके में भूपेंद्र चौधरी के खेत में उनकी तीन साल की बच्ची चेतना सोमवार 23 दिसंबर को बोरवेल में गिर गई थी। उसे सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास लगातार जारी है।

स्थानीय पुलिस, प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें बच्ची को बोरवेल से बाहर निकालने का लगातार प्रयास कर रही है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की बचाव टीम को सोमवार को उम्मीद थी कि वे ऑपरेशन पूरा कर बच्ची तक पहुंच जाएंगे, लेकिन चट्टानी सतह ने ड्रिलिंग में टीम के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

एनडीआरएफ टीम के प्रभारी योगेश मीणा ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, आठ फुट मिट्टी खोदना कोई बड़ी बात नहीं है। अगर पत्थर है तो हम विस्फोट नहीं कर सकते। कठोर चट्टान के कारण हमें ड्रिलिंग में दिक्कत आ रही है। जब से काम शुरू हुआ है, तब से एक मिनट के लिए भी काम बंद नहीं हुआ है।

कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को बच्ची के परिवार से फिर मुलाकात कर बचाव अभियान में आ रही दिक्कतों के बारे में उन्हें बताया था। उन्होंने बताया कि बच्ची को बाहर निकालने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, लेकिन यह ऑपरेशन काफी जटिल है, इसलिए इसमें समय लग रहा है। यह शायद राज्य का सबसे लंबा बचाव अभियान है, जो 190 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। इससे पहले परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।



# अभिनेता अक्षय कुमार पहुंचे हाथी गांव, हाथी सवारी का उठाया लुत्फ

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के जयपुर के जीवंत शहरी परिदृश्य के बीच एक ऐसा अनुभव है, जो रोमांच और वन्य जीवन से जुड़ा हुआ है। इस जगह का नाम है हाथीगांव। यहां लोग हाथी की सवारी करने पहुंचते है। मंगलवार को यहां फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार भी पहुंचे। उन्होंने यहां हाथी सवारी का लुत्फ उठाया। हाथी की सवारी कर वह रोमांचित हो उठे। अक्षय के साथ उनके बच्चे भी मौजूद रहे, जिन्होंने हाथी के साथ फोटोज भी क्लिक करवाई। इससे पहले हाथीगांव में फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल, अभिनेता रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा सहित अन्य फिल्मी सितारे और राजनीतिक हस्तियां भी यहां हाथी सवारी का लत्फ उठा चुकी है। शहरी इलाके में बसा हाथी गांव लोगों को रोमांचित करता है। यहां हाथी की सवारी पर्यटकों को भा जाती है।



# नए औद्योगिक नोड्स विकसित करने के लिए राज्य सरकार उपयुक्त स्थानों की कर रही है पहचान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के सफल आयोजन के एक महीने के भीतर ही राज्य सरकार राज्य के औद्योगिक विकास को एक नयी दिशा देने में लग गयी है। इसके तहत लॉजिस्टिक्स हब, नए औद्योगिक नोड्स और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इसके लिए राज्य के अंदर मौजूद उपयुक्त भूखंडों की पहचान की जा रही है, ताकि 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' और अच्छा हो सके और निवेशकों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसके मद्देनजर, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने इन परियोजनाओं के लिए रणनीतिक स्थानों की पहचान करने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर के आसपास के औद्योगिक भूखंडों का दौरा किया।

इसके तहत, राज्य सरकार के अधिकारियों ने मांडा, फुलेरा (जो वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के पास है) और बिचून औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा किया और लॉजिस्टिक्स हब व औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए इन क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न भूखंडों की उपयुक्तता का आकलन किया। इसके अलावा, बागावास गांव में लगभग 67 हेक्टेयर भूमि की उपयुक्तता पर भी विचार किया गया। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार लगभग 200-250 हेक्टेयर जमीन चिन्हित करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा, अधिकारियों ने मांडा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार प्रस्तावित लैंड एग्रीगेशन पॉलिसी के तहत करने और बिचून औद्योगिक क्षेत्र के तेजी से विकास पर भी विचार किया।

उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि नए लॉजिस्टिक्स पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण से कारोबार के परिचालन में आसानी होगी और व्यापार की लागत कम होगी। दौसा-बांदीकुई क्षेत्र (जो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के निकट है) और मांडा एक्सटेंशन (जो वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के निकट है), जो राज्य के दो औद्योगिक क्षेत्र हैं, में विकास और विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। बांदीकुई और मांडा औद्योगिक क्षेत्रों में रीको सरकारी जमीन और एकत्रीकरण के जरिए ली गयी निजी जमीनों पर निवेश और लॉजिस्टिक क्षेत्र विकसित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और इन्वेस्टमेंट समिट के समय में हस्ताक्षरित निवेश प्रस्तावों (एमओयू) को परियोजनाओं में बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों के एक दल ने कुछ ही दिनों पहले मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के नजदीक स्थित दौसा-बांदीकुई औद्योगिक क्षेत्र का भी दौरा किया था, ताकि राज्य में एक नया निवेश क्षेत्र स्थापित करने के उपयुक्त भूखंडों की पहचान की जा सके। उद्योग विभाग और रीको के ये प्रयास 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान किए गए वादों को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, ताकि राजस्थान का औद्योगिक विस्तार और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 दिसंबर को किया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## अलवर के रिहायशी कॉलोनी में तेंदुआ घुसा

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को एक तेंदुआ एक रिहायशी कॉलोनी में घुस गया। वन विभाग की टीम ने उसे तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद बेहोश कर पकड़ लिया। तेंदुआ मंगलवार सुबह आर आर कॉलेज इलाके से निकलकर खदाना मोहल्ले में आ गया था। उसे देख कर लोग दहशत में आ गए और उन्होंने वन अधिकारियों को सूचित किया। हालांकि तेंदुए ने किसी पर हमला नहीं किया। वन विभाग की टीम ने तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया ।

वन रेंजर शंकर सिंह शेखावत ने बताया कि तेंदुए की आवाजाही पिछले एक महीने से आरआर कॉलेज परिसर के आसपास थी। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को कॉलेज परिसर स्थित स्टाफ रूम के पास तेंदुए के पंजों के निशान देखे गये थे। मंगलवार सुबह तेंदुआ कॉलेज परिसर से निकलकर डेढ़ किलोमीटर दूर कंपनी बाग इलाके में देखा गया था। वन विभाग की टीम ने उसे बेहोश कर कंपनी बाग से पकड़ लिया।



## उप्रः महाकुम्भ में श्रद्धालु पवित्र छड़ी के दर्शन भी कर सकेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुम्भ नगर/भाषा।** महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालु, पवित्र छड़ी का भी दर्शन कर सकेंगे। श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा इस पवित्र छड़ी को लेकर हरिद्वार से रवाना हो चुके हैं।

छड़ी यात्रा की अगुवाई कर रहे आवाहन अखाड़े के दादा जी धुनी वाले महंत गोपाल गिरी का कहना है कि हरिद्वार से यह पावन छड़ी यात्रा शुरू हो चुकी है। अखाड़े के निर्देशानुसार छड़ी के चार श्री महंत चुने गए हैं जो उनके साथ यात्रा में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था भी इस यात्रा के साथ है। यह पवित्र छड़ी यात्रा एक जनवरी को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचेगी जहां विभिन्न स्थानों पर इस यात्रा का अखाड़ों के साधु संत और श्रद्धालु स्वागत करेंगे।

महंत गोपाल गिरि ने बताया कि इस वर्ष इस छड़ी यात्रा के 1,220 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आदिगुरु शंकराचार्य के नेतृत्व में आज से 1,220 वर्ष पूर्व अखाड़ा श्री शम्भू पंचदशनाम आवाहन नागा सन्यासी के 550 महात्माओं और महंत द्वारा भारत के सनातन धर्म के मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए यह छड़ी यात्रा शुरू की गई थी। उन्होंने बताया, इस बार प्रयागराज महाकुम्भ में आवाहन अखाड़ा 123वां महाकुम्भ स्नान करने जा रहा है। उनके साथ यह पवित्र छड़ी भी स्नान करेगी। एक जनवरी 2025 से 27 फरवरी तक यह पवित्र छड़ी प्रयागराज महाकुम्भ में आवाहन अखाड़े के छावनी में दर्शन के लिए रखी रहेगी।

# मुख्य स्नान पर्व पर कोई प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि महाकुंभ मेला में मुख्य स्नान पर्व पर कोई प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा और इस अवसर पर पूज्य संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी।

प्रयागराज में महाकुंभ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेला लगभग आकार ले चुका है और 7,000 से अधिक संस्थाएं यहां आ चुकी हैं। डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था मेला प्राधिकरण की ओर से की गई है। देश-दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुंभ में आने के लिए उत्सुक हैं। 144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं भाजपा सरकार द्वारा यहां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुंभ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण उन्होंने 2019 के कुंभ में प्रस्तुत किया, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है।



योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कहा, महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को चौबीस घंटे और सातों दिन सक्रिय रहना होगा। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया।

उन्होंने सभी रेहड़ी-पटरी वालों, ऑटो रिक्शा चालकों और ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फर्जी खबरों पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं जिन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए।

## बीरेन सिंह के माफी मांगने पर कांग्रेस ने कहा: प्रधानमंत्री मणिपुर जाकर यही बात क्यों नहीं कह सकते

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के माफी मांगने के बाद मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य का दौरा करके यही बात क्यों नहीं कह सकते। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया भर की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन मणिपुर जाने से परहेज करते हैं। उन्होंने बीरेन सिंह के बयान का वीडियो रीपोस्ट करते हुए 'एक्स' पर कहा, प्रधानमंत्री मणिपुर जाकर यही बात वहां क्यों नहीं कह सकते? उन्होंने 4 मई, 2023 से जानबूझकर राज्य का दौरा करने से परहेज किया है, लेकिन वह देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे हैं। रमेश ने कहा, मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री द्वारा की जा रही इस उपेक्षा को समझ नहीं पा रहे। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हुए जातीय संघर्ष के लिए मंगलवार को माफी मांगी और सभी समुदायों से पिछली गलतियों को भूलने तथा शांतिपूर्ण व समृद्ध राज्य में एक साथ रहने की अपील की।

## भाजपा सरकार ने जानबूझकर करायी संभल की घटना : अखिलेश का आरोप



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर पिछले महीने संभल में जानबूझकर हिंसा कराने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को उसे 'षड्यंत्रकारी' पार्टी करार दिया। यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा, भाजपा सरकार और इसके मुख्यमंत्री का कोई विजन नहीं है। भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग करती है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा, संभल की घटना भाजपा सरकार ने जानबूझकर करायी है। संभल में प्रशासन ने निर्दोष लोगों की जान ले ली। प्रशासन और अधिकारी दबाव में काम कर रहे है।

संभल में पिछले महीने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा अनेक अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर लोगों को हिंसा के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा भी दर्ज किया गया है। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा सरकार फर्जी खबरों को बढ़ावा देती है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए दूसरों की छवि खराब करने का अभियान चलाती है।

### सरपंच हत्या मामले पर फडणवीस

## 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं करेंगे, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को चेतावनी दी कि बीड में 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने देशमुख के भाई से टेलीफोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा।

पुलिस ने बताया कि बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। सरपंच की हत्या कथित तौर पर इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने कुछ लोगों द्वारा बीड जिले में एक पवन ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली किए जाने की कोशिश का विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने दिवंगत संतोष देशमुख के भाई से बात की और उनसे कहा कि उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए। जब तक दोषियों को फांसी नहीं हो जाती, पुलिस काम करती रहेगी। उन्होंने कहा, बीड मामले में शामिल सभी लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हम गुंडा राज बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो लोग कानून को अपने हाथ में लेने या निवासियों से जबरन वसूली करने की कोशिश करेंगे, उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस फिलहाल उन संदिग्धों की तलाश कर रही है जो फरार हैं। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी एवं बीड जिले में सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में वांछित वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।



## उप्र के धार्मिक स्थलों में नए साल के जश्न के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या/मथुरा/वाराणसी/मिर्जापुर/भाषा।** नए वर्ष के आगमन में अब कुछ ही घंटे शेष हैं और इसके जश्न के लिए उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों... अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सुरक्षा उपायों और विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजनाओं के साथ, भगवान राम की जन्मभूमि से जुड़ा पवित्र शहर अयोध्या 2025 की आध्यात्मिक शुरुआत के लिए मंदिरों और पवित्र स्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को समायोजित करने के लिए तैयार हैं। नए साल से पहले अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, खासकर नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए हजारों लोग आ रहे हैं।

अयोध्या और पास के फैजाबाद में होटल पूरी तरह से आरक्षित हो चुके हैं और मंदिर ट्रस्ट ने अपेक्षित भीड़ को प्रबंधित करने के लिए दर्शन का समय बढ़ा दिया है। एक होटल के मालिक अंकित मिश्रा ने कहा, हम श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार हैं और हमारे सभी कमरे 15 जनवरी तक आरक्षित हैं। हिंदू नववर्ष मार्च-अप्रैल के आसपास मनाया जाता है, लेकिन कई श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के पहले दिन रामलला के दर्शन करते हैं। स्थानीय पुजारी रमाकांत तिवारी ने बताया, कई लोग भगवान राम के आशीर्वाद के साथ वर्ष की शुरुआत करना चाहते हैं।

राम मंदिर में भगवान राम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद, 2025 पहला नववर्ष है, जो इसे महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरण नैयर ने राम मंदिर, हनुमानगढ़ी और गुप्तार घाट जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की पुष्टि की है। भगवान शिव की आध्यात्मिक नगरी वाराणसी में इस नववर्ष में बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने की उम्मीद है।



## बंगाल सरकार ने संदेशखली की महिलाओं के खिलाफ 'झूठे आरोप' गढ़े : शुभेंदु

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संदेशखली में एक कार्यक्रम में शामिल होने के एक दिन बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को उसी स्थान पर एक रैली की और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी पार्टी के नेताओं के कथित दुराचार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के विरुद्ध झूठे आरोप मढ़े हैं। उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन की सीमा पर स्थित इस द्वीपीय इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने बनर्जी को शरारतपूर्ण इरादे वाला व्यक्ति करार दिया।

उन्होंने संकल्प लिया कि 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के सत्ता में आने पर तृणमूल के स्थानीय नेताओं के कथित अत्याचारों की जांच के लिए एक आयोग गठित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले संदेशखली में माताओं और बहनों की गिरफ्तारी की साजिश रची थी। तृणमूल के शाहजहां शेख जैसे स्थानीय बाहुबली नेताओं द्वारा किए गए दुराचार के खिलाफ आवाज उठाने पर उनके (माता-बहनों के) विरुद्ध झूठे आरोप लगाए गए और उन्हें गिरफ़्तार किया गया।



## राष्ट्रीय निशानेबाजीः अनन्या नायडू ने महिला एयर राइफल स्वर्ण पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** महाराष्ट्र की युवा निशानेबाज अनन्या नायडू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में रेलवे की अनुभवी मेघना सज्जनार को मामूली अंतर से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। अनन्या ने मप्र राज्य अकादमी रेंज में फाइनल में 252.5 अंक हासिल कर मेघना को मात्र 0.2 अंक से हराकर अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन ने 231.3 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन दौर में अनन्या आठवें स्थान पर रहीं थीं जबकि उनके ही राज्य की आर्या राजेश बोरसे 633.3 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं।

नर्मदा ने 632.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में गौतमी भनोट ने 251.5 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तेजस्वी चुप नहीं बैठेंगे : राजद



**पटना/एजेन्सी।** बिहार राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने आज कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी )अभ्यर्थियों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तबतक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव चुप नहीं बैठेंगे। सिंह ने मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ जिस तरह से अन्यायपूर्ण व्यवहार और पुलिसिया दमन और अत्याचार की घटना हो रही है, यह राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन और चिंता का विषय बन गया है और इस मामले पर तेजस्वी छात्रों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।

सिंह ने कहा कि जब बीपीएससी अभ्यर्थी सत्याग्रह पर थे तो उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उनकी एक सूत्री मांग है कि पुर्न-परीक्षा ली जाये, लेकिन न तो बीपीएससी और न ही बिहार सरकार उनकी सुन रही है।

## एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक का उद्देश्य फासीवादी शासन स्थापित करना है: माणिक सरकार



**अगरतला/भाषा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक लाकर देश में फासीवादी शासन स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

लोकसभा में इस महीने की शुरुआत में 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी दो विधेयक पेश किए गए थे, जिनमें से एक के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है और इस संशोधन के जरिये एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था की जा सकती है।

## संकट सुलझाने में केंद्र और मणिपुर सरकार की 'विफलता' से निराश हूं: कांग्रेस नेता



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर कांग्रेस विधायक दल के नेता ओकराम इबोबी सिंह ने राज्य में 19 महीने से जारी हिंसा को हल करने में केंद्र और राज्य सरकार की कथित विफलता पर मंगलवार को निराशा व्यक्त की। उन्होंने यहां कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से कहा कि मणिपुर के संकट पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए राज्य विधानसभा ही एकमात्र उपयुक्त मंच है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर राज्य को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए विधानसभा सत्र बुलाने की बार-बार अपील की है, लेकिन अधिकारियों ने अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, मणिपुर के संकट पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए राज्य विधानसभा ही एकमात्र उचित मंच है। आज वर्ष का अंत हो गया लेकिन राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद विधानसभा नहीं बुलाई गई है। सिंह ने राज्य की स्थिति को देखते हुए विधानसभा सत्र की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दावा किया, कर्नाटक जैसे कई राज्यों ने सालाना चार विधानसभा बैठकें अनिवार्य करने के नियम बनाए हैं।

## बंगालः इस्कॉन के श्रद्धालुओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** इस्कॉन भक्तों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए शांतिपूर्ण 2025 की खातिर मंगलवार को यहां एक प्रार्थना में भाग लिया। पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के गिरने बाद से हिंदू समुदाय हमलों का सामना कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के सैकड़ों अनुयायियों ने बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'हरे कृष्ण' का जाप किया। पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग वाली तथा शांतिपूर्ण 2025 की कामना करने वाली तख्तियां थामे इस्कॉन श्रद्धालु अल्बर्ट रोड केंद्र में प्रार्थना में शामिल हुए। इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा, हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक 2025 में हर दिन शांति से रह सकें। उन्होंने कहा कि 2024 में बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए स्थिति बहुत भयानक रही।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि 2025 में उन्हें न्याय और शांति मिलेगी। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना नीत अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अशांति बनी हुई है तथा देश के 50 से अधिक जिलों में सैकड़ों हमले हो चुके हैं। बांग्लादेश की कुल 17 करोड़ की आबादी में आठ प्रतिशत हिंदू हैं।

दास ने इससे पहले मांग की थी कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश में अशांति फैलाने वाले कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और उन्हें गिरफ्तार करे ताकि अल्पसंख्यकों में विश्वास पैदा हो सके। उन्होंने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास और गिरफ्तार अन्य साधु-संतों की तत्काल रिहाई की भी मांग की है।

चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश की एक अदालत में दो जनवरी को पेश किया जाएगा।

## बीपीएससी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं : बिहार के मंत्री



**पटना/भाषा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा हाल ही में आयोजित की गई एक प्रतियोगी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर जारी अभ्यर्थियों के विरोध-प्रदर्शन के बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक करीबी सहयोगी ने मंगलवार को कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने का अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। इस विवाद को खत्म करने के लिए मुख्य सचिव द्वारा प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को मंत्री विजय कुमार चौधरी का यह बयान आया है। चौधरी राज्य मंत्रिमंडल के सबसे वरिष्ठ मंत्रियों में से एक हैं। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार इससे ज्यादा स्पष्टता से काम नहीं कर सकती।

## बुमराह को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया, जायसवाल भी शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिडनी/भाषा।** जसप्रीत बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया जब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इस भारतीय तेज गेंदबाज को साल की अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का कप्तान चुना जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह दी। बुमराह इस साल 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 की स्ट्राइक रेट से 71 विकेट लेकर 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुमराह के बारे में कहा, किसी कैलेंडर वर्ष में किसी गेंदबाज द्वारा अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक, डेल स्टेन के 2008 के 74 विकेट के बाद से कोई तेज गेंदबाज इतना शानदार नहीं रहा और इमरान खान के 1982 (13.29 के औसत से 62 विकेट) के प्रदर्शन के बाद से किसी ने इतनी बेहतर औसत से विकेट नहीं लिए। सीए ने कहा, हां, उन्होंने विदेशी तेज गेंदबाज के अब तक के सर्वश्रेष्ठ दौरे में से एक में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को बहुत परेशान किया लेकिन उन्होंने स्वदेश में प्रतिकूल विकेटों पर इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 19 विकेट भी चटकाए जबकि अन्य तेज गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए। उन्होंने कहा, वह इस टीम में शामिल एकमात्र सदस्य हैं जिसने 2024 में अपनी टीम की कप्तानी (भारत को पर्थ में जीत दिलाई) की। बुमराह को कप्तानी की बागडोर भी मिली है - एक ऐसा काम जिसे आप उन्हें भविष्य में और भी करते हुए देख सकते हैं। यह तेज गेंदबाज मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में चार टेस्ट में 30 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है। बुमराह के अलावा जायसवाल को इस साल बल्ले से शानदार प्रदर्शन के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया है। जायसवाल ने 15 मैच (29 पारियों) में 54.74 की औसत से नौ अर्द्धशतक और तीन शतक के साथ 1,478 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में साल का अंत किया।

## सुविचार

**सूर्य का प्रकाश हर जगह एक समान ही पड़ता है लेकिन सिर्फ चमकदार सतह जैसे पानी की सतह या दर्पण ही उसे परावर्तित करता है। ईश्वर का दिव्य प्रकाश भी ऐसा ही है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नई ऊर्जा, नए संकल्पों का दिन

नए साल का पहला दिन, नई ऊर्जा और नए संकल्पों का दिन! यूं तो हर सूर्योदय हमारे जीवन में एक नई शुरुआत लेकर आता है, लेकिन नए साल का पहला दिन कई मायनों में अनूठा होता है। अगर इस दिन कोई संकल्प लेकर नई शुरुआत करें तो उस पर कायम रहने और बेहतर नतीजे मिलने की संभावनाएं भी ज्यादा होती हैं। इस दिन हमें कुछ खास संकल्प जरूर लेने चाहिएं। हमें नए साल में स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। ये दोनों बिंदु एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। तन और मन की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, मोहल्ले की स्वच्छता ... गांव/शहर और ... देश की स्वच्छता, यह डोर कहीं भी कमजोर नहीं होनी चाहिए। हम तन और घर की स्वच्छता की ओर तो ध्यान देते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता को लेकर बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह सिर्फ सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है। नागरिकों को भी चाहिए कि वे स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें। जब स्वच्छता का स्तर सुधरेगा तो स्वास्थ्य निश्चित रूप से बेहतर होगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति के अनुकूल दिनचर्या और आहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। पर्याप्त व्यायाम, योगासन, प्राणायाम आदि करें। इसके साथ मोटे अनाज को भोजन में शामिल करें। गरिष्ठ, बेहद तीखे, चटपटे पकवान खाने से दूर रहें तो बेहतर होगा। जो नौजवान भविष्य में अपना स्वास्थ्य अच्छा रखना चाहते हैं, वे समय रहते जीभ के स्वाद पर काबू पा लें।

इस साल कोई हुनर सीखने का संकल्प लें। जरूरी नहीं कि यह कोई बहुत खर्चीला और बेहद मुश्किल काम हो। अपने स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए ऐसे कई हुनर सीखे जा सकते हैं, जिनमें अगर महारत हासिल कर लें तो ये आर्थिक लाभ भी देंगे। सिलाई-कढ़ाई, स्वेटर बुनाई, अचार-मुरब्बे बनाना, कोई नई भाषा सीखना, किसी खास तकनीक में निपुणता प्राप्त करना, फर्नीचर बनाना, पुरानी अभिरुचि को समय देना - जैसे अनगिनत काम रोजगार के रास्ते खोल सकते हैं। कई नौजवानों को खाना बनाना नहीं आता। जब वे पढ़ाई या रोजगार के सिलसिले में दूसरी जगह जाते हैं तो उन्हें बहुत परेशानी होती है। उन्हें कोई रेस्टोरेंट या ढाबा ढूंढ़ना पड़ता है अथवा ऑनलाइन ऑर्डर कर खाना मंगवाते हैं, जो खासा महंगा पड़ता है। अगर खुद खाना बनाना जानते हों तो बहुत सुविधा होती है। इसी तरह अपने घर की सफाई करना, बर्तन मांजना, कपड़े धोना जैसे काम सबको सीखने चाहिएं। महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, भगत सिंह जैसे महापुरुष अपने काम अपने हाथों करते थे, तो आज का नौजवान क्यों नहीं कर सकता? अगर हम उन वर्षों को देखें, जिन्हें पीछे छोड़ आए हैं तो पाएंगे कि हमारी 'ज़रूरतें' बहुत ज्यादा नहीं हैं। हां, 'इच्छाएं' अनंत हो सकती हैं, जो बड़े-बड़े सम्राटों की पूरी नहीं हुईं। अगर कोई व्यक्ति बुद्धि एवं विवेकपूर्वक विचार करे, दिखावेबाजी से दूर रहे, कोई व्यसन न पाले, कुसंगति में न पड़े, जो कुछ पाया उसके लिए ईश्वर को धन्यवाद दे, तो वह कई परेशानियों से बच सकता है। 'सादगी में ही सुख है' - यह कोई सुनी-सुनाई बात नहीं है। जिस व्यक्ति ने सादगी को अपना लिया, उसने कई दु:खों को अपनी ओर आने से रोक दिया। नए साल में 'मोबाइल फोन से दूरी' और 'प्रकृति से नजदीकी' का संकल्प जरूर लें। मोबाइल फोन, लैपटॉप जैसे उपकरणों का उतना ही इस्तेमाल करें, जितना जरूरी हो। घंटों रील देखते रहने, ऑनलाइन गेम खेलने, सोशल मीडिया में खोए रहने जैसी आदतें सिर्फ समय बर्बाद करती हैं। इनसे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह समय परिवार में मेलजोल बढ़ाने, व्यायाम करने, बागवानी सीखने और रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने में लगाएं तो जीवन बहुत खुशहाल हो सकता है। बस, ज़रूरत है तो दृढ़ संकल्प की। सबको बहुत शुभकामनाएं!

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान के प्रत्येक क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु आज जयपुर संभाग के मंत्रिगण एवं विधायकों के साथ बैठक ली। इस अवसर पर जयपुर संभाग से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं, जन-समस्याओं व नागरिक सुविधाओं पर सकारात्मक चर्चा की गई।

**-भजनलाल शर्मा**



प्रयागराज की तैयारियों के दृष्टिगत आज तीर्थराज प्रयाग में विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के महासमागम, महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध है।

**-योगी आदित्यनाथ**



कांग्रेस सरकार ने आमजन की भावना एवं प्रशासनिक दृष्टि से सुविधा प्रदान करने के लिए नए जिलों और संभागों का गठन किया। लेकिन हैरानी होती कि भाजपा सरकार ने मापदंडों की जांच किए बगैर अपने कार्यकर्ता से रिपोर्ट लेकर जिले और संभाग निरस्त कर दिए।

**-गोविंदसिंह डोटासरा**

## प्रेरक प्रसंग

# प्रेम की भाषा



अमेरिका के मशहूर लेखक इमर्सन को गाय पालने का बहुत शौक था। वे गायों-बछड़ों को अपने मकान के पास एक झोपड़ी में रखते थे। एक दिन जोर की वर्षा आने वाली थी। सभी गायें झोपड़ी के अंदर चली गई, पर एक बछड़ा बाहर ही रह गया। इमर्सन और उनका बेटा, दोनों मिलकर उसे खींचने लगे कि वह झोपड़ी में चला आए, पर ज्यों-ज्यों उन्होंने खींचना आरंभ किया, त्यों-त्यों वह बछड़ा भी पूरी ताकत लगाकर पीछे हटने लगा। इमर्सन बहुत परेशान हुए। इतने में उनकी बूढ़ी नौकरानी उधर से निकली। जैसे ही उसने यह तमाशा देखा, वह दौड़ी आई और अपना अंगूठा बछड़े के मुंह में प्यार से डालकर उसे धीरे-धीरे ले जाने लगी। बछड़ा आसानी से झोपड़ी के अंदर चला गया। वह नौकरानी अनपढ़ तो थी, मगर व्यवहार कुशल थी। वह जानती थी कि जानवर भी प्रेम की भाषा समझते हैं।

## सामयिक

# नववर्ष : बीते अनुभव, नई उम्मीदें

नृपेन्द्र अभिषेक नृप




नववर्ष का आगमन हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा और उमंग लेकर आता है। यह केवल कैलेंडर की तारीख बदलने का प्रतीक नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत है। यह समय हमें आत्ममंथन और आत्मविश्लेषण का अवसर देता है, जहाँ हम बीते वर्ष के अनुभवों को देखते हुए आगामी वर्ष के लिए योजनाएँ बनाते हैं। पिछले साल की उपलब्धियाँ, असफलताएँ, और अनुभव हमारे लिए प्रेरणा और सीख के रूप में काम करते हैं। हर नया वर्ष हमें यह अवसर देता है कि हम अपने जीवन में कुछ नया जोड़ें और अपनी पुरानी गलतियों को सुधारते हुए आगे बढ़ें।

बीते वर्ष की उपलब्धियाँ हमें गर्व से भर देती हैं। व्यक्तिगत स्तर पर, कई लोगों ने अपने करियर में प्रगति की, नई नौकरियाँ पाईं, या प्रमोशन हासिल किया। कुछ ने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव किए। महामारी के बाद, स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर बढ़ी जागरूकता ने योग, ध्यान, और व्यायाम को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाया। छात्रों ने परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया और कई लोगों ने ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से नई स्किल्स सीखी, जो उनके करियर के लिए सहायक सिद्ध होंगी। परिवार और समाज के स्तर पर भी यह साल महत्वपूर्ण रहा। लोगों ने अपने अपनों के साथ समय बिताने के महत्व को समझा और रिश्तों में सामंजस्य बढ़ा। व्यस्त जीवनशैली के बावजूद, परिवार और दोस्तों के साथ संवाद और समझदारी ने रिश्तों को और मजबूत किया। सामाजिक योगदान के क्षेत्र में भी महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए लोगों ने एकजुट होकर दूसरों की मदद की। राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी बीता साल प्रेरणादायक रहा। भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता ने देश को गर्व का अनुभव कराया। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल हुईं। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा के उपयोग में वृद्धि जैसे कदमों ने हमें एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया।

हालाँकि, हर वर्ष की तरह, बीते वर्ष ने हमें असफलताओं का स्वाद भी चखाया। व्यक्तिगत स्तर पर, कई लोग अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में असफल रहे। समय की कमी, अनुशासन की कमी, या अनियोजित कार्य प्रणाली इसके प्रमुख कारण बने। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, कुछ लोग मानसिक तनाव, चिंता, और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझते रहे। सामाजिक और सामुदायिक स्तर पर भी चुनौतियाँ बनी रहीं। महामारी के प्रभाव ने सामाजिक और आर्थिक असमानता को बढ़ावा दिया। गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याएँ स्पष्ट रूप से सामने आईं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी आर्थिक अस्थिरता और महँगाई ने आम जनता को प्रभावित किया। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को संकट का सामना करना पड़ा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी खामियाँ देखने को मिलीं। डिजिटल संसाधनों की कमी ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा को बाधित किया। महामारी के बावजूद, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में कमी बनी रही, जो विशेष रूप से चिंताजनक रही। इन उपलब्धियों और असफलताओं से हमें यह सीखने का अवसर मिला कि सफलता और असफलता दोनों ही हमारे अनुभवों का हिस्सा हैं। हर सफलता हमें प्रोत्साहित करती है और हर असफलता हमें सुधार का अवसर देती है। बीते वर्ष ने हमें यह सिखाया कि आत्मविश्लेषण और योजना का महत्त्व कितना बड़ा है। असफलताओं के कारणों को समझकर, हम बेहतर योजना बना सकते हैं और अपने लक्ष्यों को यथार्थवादी और समयबद्ध तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

आने वाले वर्ष में हमें व्यक्तिगत, सामूहिक, और राष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें अपने स्वास्थ्य, शिक्षा, और करियर को प्राथमिकता देनी चाहिए। आत्मविकास के लिए नई किताबें पढ़ने, नए कौशल सीखने, और मानसिक शांति के लिए ध्यान और योग का सहारा लेने जैसे कदम उठाने चाहिए। सामाजिक और सामूहिक स्तर पर, हमें अपने समाज और समुदाय के विकास में योगदान देना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे कदम उठाने होंगे, जैसे प्लास्टिक का कम उपयोग और ऊर्जा की बचत। राष्ट्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण से, हमें देश के विकास में सक्रिय भागीदार बनना होगा। तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसरों का लाभ उठाना होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह समय है कि हम अपने अनुभवों से सीख लें और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में अपनाएँ।

नववर्ष हमें यह याद दिलाता है कि हर दिन नई शुरुआत का अवसर है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने प्रयासों को ईमानदारी और संकल्प के साथ जारी रखें। अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हुए, हमें लचीलापन और धैर्य बनाए रखना होगा। यही प्रयास हमारी सफलता की कुंजी है। आने वाले वर्ष में, यदि हम अपने अनुभवों का सही मूल्यांकन करें और उनके आधार पर ठोस कदम उठाएँ, तो यह वर्ष न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन में बल्कि समाज और देश के स्तर पर भी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। यही नववर्ष की सच्ची सीख है।

## ज्ञान विज्ञान

# मंगल पर हुए हेलिकॉप्टर हादसे की जांच पूरी

नासा के इन्जेन्यूटी मार्स हेलिकॉप्टर ने मंगल पर पहली बार शक्ति-चालित उड़ान करके इतिहास रच दिया था। इसे सिर्फ पांच उड़ानों के लिए तैयार किया गया था। लेकिन, इसने सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ते हुए लगभग तीन सालों में 72 उड़ानें पूरी कीं। इन उड़ानों के दौरान हेलिकॉप्टर ने 17।7 किलोमीटर की दूरी तय की और 2 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरी। हालांकि, 18 जनवरी 2024 को हुई आखिरी उड़ान के दौरान, इन्जेन्यूटी ने अपनी क्षमता का आखिरी प्रदर्शन किया और उसके बाद इससे संपर्क टूट गया था। इसे एक साधारण परीक्षण के रूप में डिजाइन किया गया था। इसका उद्देश्य हेलिकॉप्टर की प्रणाली की जांच करना और मंगल की सतह की तस्वीरें लेना था। इस प्रक्रिया में इन्जेन्यूटी ने 40 फीट की ऊंचाई तक सफलतापूर्वक चढ़ाई की। हालांकि, लैंडिंग के तुरंत बाद इसका पृथ्वी से संपर्क टूट गया। इसके बाद की जांच में पता चला कि हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड लैंडिंग के दौरान क्षतिग्रस्त हो गए थे।



नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (गझङ) और एरोवायरमेंट के इंजीनियरों ने इस दुर्घटना की गहन जांच की। जांच से पता चला कि इन्जेन्यूटी का नेविगेशन सिस्टम मंगल के जेजेरो क्रेटर की सतह की बनावट को सही से ट्रैक नहीं कर पाया। क्रेटर में रेत के टीले और उभरी सतह के अभाव ने हेलिकॉप्टर को जरूरी विजुअल नहीं मिले। इसके अलावा, हेलिकॉप्टर ने लैंडिंग के समय काफी तेज स्पीड में था जिससे वह बैलेंस नहीं हो पाया और गिर पड़ा।

लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर की पिच और रोल ठीक तरीके से नहीं लैंड कर पाए, जिसके कारण चारों रोटर ब्लेड उनके कमजोर हिस्सों पर टूट गए। इससे हेलिकॉप्टर में काफी तेज वाईब्रेशन होने लगी और आखिरी में इसका पृथ्वी के साथ संपर्क समाप्त हो गया।

जेपीएल के इन्जेन्यूटी के पहले पायलट हावर्ड ग्रिप ने कहा, 'जब आप 100 मिलियन मील दूर से दुर्घटना की जांच कर रहे होते हैं, तो आपके पास ब्लैक बॉक्स या चश्मदीद गवाह नहीं होते। हालांकि, इन्जेन्यूटी अब उड़ान भरने में सक्षम नहीं है, इसकी उपलब्धियां और अंतिम उड़ान से प्राप्त डेटा मंगल पर भविष्य के विमानों और हेलिकॉप्टरों के डिजाइन और संचालन को बेहतर बनाने में सहायक होंगे। इस परियोजना ने मंगल पर शक्ति-चालित उड़ान की व्यवहार्यता को साबित किया है और इसने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को नए अभियानों की प्रेरणा दी है।

## नजरिया

# विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार

रमेश सर्राफ धमोरा

मोबाइल : 94142 55034

**नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके।**

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे।' दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है। दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए।

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की।

बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो। हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं।

आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नव वर्ष



अमृतसर में नए साल की पूर्व संध्या पर हाथों और चेहरे पर रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाकर नए साल 2025 की शुभकामनाएं देती लड़कियां।

# चीनी हैकरों ने साइबर सेंध की घटना में कंप्यूटरों, दस्तावेजों तक ही पहुंच बनाई : अमेरिकी कोषागार विभाग

वाशिंगटन/एपी

चीनी हैकरों ने तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता की प्रणाली में सेंध लगाने के बाद अमेरिकी कोषागार विभाग के कंप्यूटर और गोपनीय दस्तावेजों तक पहुंच बना ली। कोषागार विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने यह विवरण नहीं दिया कि कितने कंप्यूटर तक पहुंच बनाई गई थी या हैकरों ने किस प्रकार के दस्तावेज प्राप्त किए हैं, लेकिन सांसदों को लिखे पत्र में इस सेंध का खुलासा करते हुए कहा कि ''इस समय ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह दर्शाता हो कि सेंध लगाने वाले तत्वों ने कोषागार की सभी जानकारी तक पहुंच जारी रखी है।

विभाग ने कहा कि हैकिंग की जांच ''साइबर सुरक्षा में सेंध की बड़ी घटना'' के रूप में की जा रही है। विभाग के प्रवक्ता ने एक अलग बयान में कहा, कोषागार विभाग हमारे सिस्टम और उसके पास मौजूद डेटा के खिलाफ सभी खतरों को बहुत गंभीरता से लेता है।

बयान में कहा गया, पिछले चार वर्षों में, कोषागार विभाग ने अपनी साइबर सुरक्षा को काफी मजबूत किया है, और हम अपनी वित्तीय प्रणाली को खतरे वाले तत्वों से बचाने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के भागीदारों के साथ काम करना जारी रखेंगे। बीजिंग में, चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दैनिक प्रेस वार्ता में हैकिंग के आरोपों को आधारहीन बताया। उन्होंने कहा, हमने ऐसे निराधार आरोपों पर बार-बार अपना रुख स्पष्ट किया है।

संबोधन



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को इंफाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# क्वाड ने स्वतंत्र एवं स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए लगातार काम करने की प्रतिबद्धता जताई

नई दिल्ली/भाषा

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच, भारत और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के अन्य सदस्य देशों ने स्वतंत्र, खुला और शांतिपूर्ण क्षेत्र सुनिश्चित की दिशा में काम करने के लिए समूह की दृढ़ प्रतिबद्धता की मंगलवार को पुन: पुष्टि की।

समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने ''क्वाड सहयोग'' की 20वीं वर्षगांठ पर एक संयुक्त बयान जारी कर यह प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन द्वारा अपनी शक्ति का प्रदर्शन किए जाने के बीच कहा कि 'क्वाड' इस क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेगा।

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान 20 साल पहले 2004 में हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी के बाद सहायता मुहैया कराने के लिए एक साथ आगे आए थे। इस समूह ने बाद में 'क्वाड' का रूप लिया।

क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे एंव संपर्क सुविधा के मामलों समेत कुछ सबसे बड़ी आवश्यकताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत अगले 'क्वाड' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा जो 2025 की दूसरी छमाही में होने की संभावना है।

इन चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि 'क्वाड' हिंद-प्रशांत की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेगा।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, साझेदारों के रूप में हमारा एक ऐसे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर साझा दृष्टिकोण है जो शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हो।

'क्वाड' के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 10 देशों के समूह आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) की महत्ता की भी बात की। मंत्रियों ने कहा, हम आसियान देशों की महत्ता एवं एकता के साथ-साथ हिंद-प्रशांत पर उसके दृष्टिकोण को मुख्य धारा में लाने और लागू करने के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा, हम प्रशांत क्षेत्र के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय संरचना का सम्मान करते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रशांत द्वीप समूह मंच है। हम क्षेत्र के प्रमुख संगठन हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के प्रति भी दृढ़ समर्थन व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, क्वाड क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

# पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने ऐतिहासिक 'पुंछ हाउस' में भगत सिंह गैलरी को पर्यटकों के लिए खोला

लाहौर/भाषा

पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने ऐतिहासिक 'पुंछ हाउस' स्थित भगत सिंह गैलरी को पर्यटकों के लिए खोल दिया है, जहां करीब 93 साल पहले स्वतंत्रता सेनानी पर मुकदमा चलाया गया था। इस गैलरी में ऐतिहासिक दस्तावेज रखे गए हैं, जिनमें भगत सिंह की तस्वीरें, पत्र, समाचार पत्र, मुकदमे का विवरण और उनके जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित अन्य दस्तावेज शामिल हैं। पंजाब के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जमां ने सोमवार को गैलरी का उदघाटन किया। जमां ने कहा, पंजाब सरकार के उद्योग, वाणिज्य और पर्यटन विभागों के बीच हुए समझौते के तहत पर्यटकों को गैलरी तक पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'पुंछ हाउस' की ऐतिहासिक इमारत को उसके मूल स्वरूप में बहाल कर दिया गया है। जमां ने कहा, गैलरी में भगत सिंह से जुड़े दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है। पाकिस्तान के पंजाब अभिलेखागार विभाग ने 2018 में पहली बार महान स्वतंत्रता सेनानी के मुकदमे से जुड़े कुछ रिकॉर्ड प्रदर्शित किए थे। इनमें मृत्युदंड का प्रमाण पत्र, चिट्ठियां, तस्वीरें, अखबार की कतरनें तथा अन्य सामग्री शामिल थीं। सिंह को औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोपों के तहत मुकदमा चलाने के बाद 23 मार्च, 1931 को लाहौर में ब्रिटिश शासकों ने फांसी दे दी थी। उस समय वह महज 23 साल के थे। यह मामला सिंह, सुखदेव और राजगुरु के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन पी सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में दर्ज किया गया था।

प्रदर्शन के लिए रखे गए रिकॉर्ड में सिंह की अर्जी और याचिका भी शामिल है।

इसमें भगत सिंह के पिता सरदार किशन सिंह की अपने बेटे को फांसी के खिलाफ याचिका और 23 मार्च, 1931 को लाहौर जिला जेल में जेल अधीक्षक द्वारा उनके मृत्युदंड का प्रमाण पत्र भी शामिल है। इसमें अखबारों और पुस्तकों की अनुमति के लिए सिंह की अर्जी, बी सी वोहरा द्वारा नौजवान भारत सभा लाहौर के घोषणापत्र से संबंधित कुछ अन्य रिकॉर्ड और दैनिक वीरभारत समेत अन्य अखबारों की कई कतरनें भी शामिल हैं।

भगत सिंह की मौत की सजा की तामील के बारे में एक दस्तावेज में कहा गया है, मैं (जेल अधीक्षक) यह प्रमाणित करता हूं कि भगत सिंह को सुनाई गई मौत की सजा को विधिवत निष्पादित किया गया है और तदनुसार भगत सिंह को 23 मार्च 1931 को सोमवार रात 9 बजे लाहौर जेल में तब तक फांसी पर लटकाया गया जब तक कि उनकी मृत्यु नहीं हो गई। शव को तब तक नीचे नहीं उतारा गया जब तक कि एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह पुष्टि नहीं कर ली गई कि उनकी मृत्यु हो चुकी है; और यह कि कोई दुर्घटना, त्रुटि या अन्य अनहोनी नहीं हुई।

# माधुरी दीक्षित के लिए यादगार रहा 2024, बोलीं- हर सबक की आभारी

मुंबई/एजेन्सी



साल 2024 खत्म होने को है और सितारे साल 2025 का स्वागत बाहें फैलाकर करने को तैयार हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के लिए 2024 कभी न भूल पाने वाला साल है। सोशल मीडिया पर सक्रिय माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर साल की हाइलाइट्स को कैमरे में कैद करते हुए एक वीडियो मोंटाज साझा किया, जिसमें सीखे गए सबक, खुशियों और छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पलों के साथ नजर आईं। उन्होंने उन पलों का आभार जताया, जिन्होंने उनके साल को खुशियों से भर दिया। वीडियो मोंटाज में माधुरी दीक्षित परिवार और दोस्तों के साथ ही शो और फिल्मों के शूटिंग सेट पर मस्ती करती नजर आईं। क्लिप को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, हर सीख, खुशी और छोटे पल के लिए आभारी हूं, जिसने 2024 को यादगार बनाया। नया साल मुबारक। वीडियो के साथ अभिनेत्री ने अमेरिकी अभिनेता, गायक-गीतकार जो कीरी के गाने 'एंड ऑफ बिगिनिंग' को भी जोड़ा। माधुरी सोशल ने हाल ही में पति डॉ. श्रीराम नेने के एक वीडियो को रीपोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, अपने आप को परिवार और दोस्तों के साथ रखें और खुशियां आएंगी। मजबूत रिश्ते एक खुशहाल जीवन का रहस्य हैं। इसलिए इस विकेंड अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और तनाव मुक्त रहें। दीक्षित हाल ही में अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 3' में नजर आई थीं। फिल्म में माधुरी के साथ कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन, राजपाल यादव, संजय मिश्रा समेत अन्य सितारे भी थे। हॉरर कॉमेडी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

दौरा



मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को पलनाडु जिले के यल्लामांडा में एक पेंशन लाभार्थी के घर का दौरा किया।

# गुनाह 'सीजन 2' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



अनिल सीनियर निर्देशित, गश्मीर महाजनी, सुरभि ज्योति अभिनीत गुनाह सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डिज़्नी+ हॉटस्टार, प्यार, इंतेक़ाम और बदले की अनोखी कहानी को लेकर आ रहा है।अभिमन्यु (गश्मीर महाजनी), तारा (सुरभि ज्योति), जेके (दर्शन पांड्या) और माइकल (शशांक केतकर) जैसे कलाकारों से सजी यह श्रृंखला तीन जनवरी, 2025 से स्ट्रीम होगी। गुनाह सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शोरनर अनिरुद्ध पाठक ने कहा, गुनाह का यह सीजन सिर्फ़ कहानी की निरंतरता नहीं है, यह बदला लेने वाले नाटकों को लेकर हमारे नज़रिए का एक नया रूप है। कहानी मानवीय भावनाओं और रिश्तों की जटिलताओं में गहराई से उतरती है, जिसमें अप्रत्याशित मोड़ के साथ गहन नाटक का मिश्रण है जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। शो के निर्देशक अनिल सीनियर ने कहा, गुनाह के पहले सीज़न ने तीव्र भावनाओं और जटिल रिश्तों के साथ एक मनोरंजक बदला लेने वाले नाटक के लिए मंच तैयार किया।हमने दर्शकों की बात सुनी है और सुरभि और गश्मीर के साथ अपने किरदारों को पहले से कहीं ज़्यादा उभारने के साथ अधिक आकर्षक सीज़न लाने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से गुनाह के पहले सीज़न को डिज्नी+ हॉटस्टार जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर दर्शकों ने सराहा था, मैं दूसरे सीज़न के बारे में उनकी राय जानने के लिए बेहद रोमांचित और उत्साहित हूँ। तारा का किरदार निभाने वाली सुरभि ज्योति ने कहा, तारा विरोधाभासों से भरा एक किरदार है, और मेरा मानना ङ्कङ्कहै कि यही उसे इतना दिलचस्प बनाता है। सीज़न 2 में, हम उसे अपने जीवन पर नियंत्रण वापस पाने की कोशिश करते हुए अपने पिछले विकल्पों के परिणामों से जूझते हुए देखेंगे। गश्मीर महाजनी के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उनके समर्पण और ऊर्जा ने वास्तव में मेरे प्रदर्शन को बढ़ाया, और मैं इस यात्रा पर ऐसे भावुक सहयोगियों के लिए आभारी हूं..मैं सभी को यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि सीजन 2 में क्या है। यह बड़ा, बेहतर और आश्चर्यों से भरा होने वाला है, केवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर!

गश्मीर महाजनी ने अभिमन्यु के रूप में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए कहा, अभिमन्यु एक ऐसा चरित्र है जो आपको पूरी तरह से अपने अंदर समाहित कर लेता है। सुरभि एक बेहतरीन सह-अभिनेत्री रही हैं। तारा का उनका चित्रण आकर्षक है, और साथ में, हमने अपने पात्रों के सर्वश्रेष्ठ और सबसे बुरे पहलुओं को सामने लाया है। मैं दर्शकों से यह वादा कर सकता हूं,यदि आपको लगता है कि सीजन 1 गहन था, तो तैयार हो जाइए, सीजन 2 एक रोलरकोस्टर होगा जो आपको सांस लेने के लिए मजबूर कर देगा। और मैं इंतजार नहीं कर सकता दर्शकों को डिज्नी+ हॉटस्टार पर इसका अनुभव कराने के लिए।

# अदिति गोवित्रिकर के लिए नए साल का जश्न मतलब 'परिवार और दोस्त हों साथ'

मुंबई/एजेन्सी



पुरानी यादों के विदाई और नई उम्मीदों के स्वागत करने का समय आ चुका है। ऐसा कहना है मनोरंजन जगत की हस्तियों में से एक अदिति गोवित्रिकर का। कलाकार डॉक्टर और मनोवैज्ञानिक अदिति ने बताया कि नए साल का जश्न वह कैसे मनाएंगी। अदिति हमेशा से ही जीवन और उसकी प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाने में विश्वास करती आई हैं। ऐसे में उनका मानना है कि परिवार के साथ खुशियों को मनाने से वह और भी बढ़ जाती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि साल 2024 उनके लिए शानदार रहा। उन्होंने अच्छे और विश्वसनीय काम किए, जिसके लिए उन्हें काफी प्रशंसा मिली। नए साल पर उनकी क्या योजना है इस पर अभिनेत्री ने स्वीकारा की ये साल काम के लिहाज से काफी व्यस्त रहा, ऐसे में साल को अलविदा कहना है तो वाकई में परिवार और दोस्तों के साथ से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने बताया, भगवान की कृपा से साल 2024 मेरे लिए अच्छा रहा। मैंने कई काम करने का आनंद लिया और साल का अंत 'मिसमैच्ड 3' रिलीज के साथ हुआ, जो एक प्रोजेक्ट के रूप में मेरे दिल के बहुत करीब है। अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ नए साल की पूर्व संध्या मनाने और सकारात्मकता को बटोरने के साथ ही साल 2025 का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। मेरे सभी प्रशंसकों और प्रेमियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद और आगे बढ़ने के लिए सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मिसमैच्ड सीजन 3, 13 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था। इस सीरीज में अदिति के साथ रोहित सराफ और प्राजक्ता कोली मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेत्री शादीशुदा महिलाओं के लिए एक सौंदर्य प्रतियोगिता 'मार्वलस मिसेज इंडिया' का आयोजन कर रही हैं। अभिनेत्री ने प्रतियोगिता को लेकर बताया था, मेरा मानना है केवल खूबसूरती ही नहीं दिमाग भी तेज होना जरूरी है। अदिति ने बताया था, यह प्रतियोगिता केवल विवाहित महिलाओं के बारे में नहीं है। हम माता-पिता, तलाकशुदा, अलग हुई महिलाओं और विधवाओं को भी यहां आने के लिए प्रेरित करते हैं। हम सभी को मौका देते हैं। जिस तरह से हम उन्हें सशक्त बनाते हैं, वह सबसे पहले आत्मविश्वास का निर्माण करना है। हम उन्हें यह एहसास दिलाने में मदद करते हैं कि वह जो भी ठान लें, उसे हासिल कर सकती हैं और हम व्यक्तित्व विकास पर भी फोकस करते हैं।

# मनीषा कोइराला को खुद पर क्यों आई हंसी ?

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने सोमवार को प्रशंसकों के साथ एक हल्का-फुल्का पल साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी हंसी के पीछे का कारण बताया। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें खुद पर हंसी क्यों आई। मनीषा कोइराला सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर प्रशंसकों के साथ अपने खास और मजेदार पल शेयर करती रहती हैं। डाली गई लेटेस्ट तस्वीरों में मनीषा जिम में मेहनत करती नजर आईं। उन्होंने तस्वीरों को कैप्शन दिया, कभी-कभी, मुझे बस खुद पर हंसना पड़ता है। जीवन हर चीज को गंभीरता से लेने के लिए बहुत छोटा है और सच में कहूं तो खुद का मनोरंजन के लिए ये क्षण हल्के-फुल्के और वास्तविक हैं।

मनीषा कोइराला ने हाल ही में किए एक पोस्ट में बताया था कि 'प्रकृति का साथ' खुद को रिचार्ज करने का बेहतरीन उपाय है। मनीषा कोइराला ने लिखा था, यदि आप शांति की तलाश कर रहे हैं या खुद को रिचार्ज करने का तरीका खोज रहे हैं, तो प्रकृति की सैर आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। प्रकृति की सैर के लिए जंगल की सैर। आज की सुबह प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने का मौका मिला और एक हीलिंग पावर मिला। शिनरिन-योकू (शिनरिन-योकू जापान की एक प्राचीन कला है। इसका मतलब है, जंगल के वातावरण में खुद को बिठाना या अपनी इंद्रियों के जरिए जंगल से जुड़ना) केवल जंगल में टहलना नहीं है - यह एक सचेत यात्रा है, जो इंद्रियों को जागृत करती है। सरसराहट करने वाली पत्तियां, पक्षियों की चहचहाहट और ताजी मिट्टी की सुगंध मन और आत्मा को तरोताजा महसूस कराती है। अभिनेत्री ने आगे लिखा था, प्रत्येक कदम ने मुझे याद दिलाया कि कैसे प्रकृति हमारे लिए खास जगह रखती है, शांति और एक खास नजरिया देती है। यदि आप आराम करने, गहरी सांस लेने और खुद को रिचार्ज करने का तरीका खोज रहे हैं, तो प्रकृति की सैर शायद आपके लिए जरूरी उपाय है। पोस्ट के अंत में अभिनेत्री ने प्रशंसकों से पूछा, पिछली बार आपने प्रकृति को अपने ऊपर कब जादू चलाने दिया था? कैंसर से जंग जीतने वाली अभिनेत्री मनीषा कोइराला अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहती हैं और अक्सर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को भी अपनी दिनचर्या में शरीर के लिए लाभदायक चीजों को शामिल करने की अपील करती रहती हैं।

# अक्षय कुमार ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना की। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने पीएम के विजन को बेहतरीन बताया। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पीएम के पोस्ट री-पोस्ट कर लिखा, यह मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नजरिया है। यह एक बेहतरीन विचार है। उम्मीद है कि वेव्स (डब्ल्यूएवीईएस) 2025



शिखर सम्मेलन एक शानदार ग्लोबल मंच होगा, जहां एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एक साथ आएगी और आगे बढ़ेगी। रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम ने चर्चा करते हुए बताया था कि भारत अगले साल फरवरी में वेव्स 2025 का आयोजन करेगा। दिल्ली में 5 से 9 फरवरी तक दुनियाभर के कलाकार जुटेंगे। वेव्स में देश के साथ ही दुनिया के तमाम कलाकारों को वैश्विक मंच उपलब्ध मिलेगा। सफल फिल्मों के अलावा सोशल मीडिया को भी 'खिलाड़ी' अभिनेता ने प्रशंसकों के साथ जुड़े रहने का माध्यम बनाया है। वह अक्सर लेटेस्ट पोस्ट शेयर करते रहते हैं। हाल ही में अभिनेता ने पत्नी ट्विंकल खन्ना को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें अभिनेत्री धूप में बैठे कॉफी का लुत्फ उठाती नजर आई थीं। इसके साथ ही वह वीडियो में मस्ती भी करती नजर आई थीं। अभिनेता ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो टीना। तुम सिर्फ एक स्पोर्ट्स नहीं हो; तुम पूरा गेम हो।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दुःख भोगता है। सुख- दुःख का कर्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।






# दिवेर जैन परिषद् का स्नेह मिलन आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दिवेर जैन परिषद् चेन्नई का स्नेह मिलन पुनेरी जिमखाना क्लब में इन्दरचंद डुंगरवाल की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। अल्पाहार के पश्चात प्रथम सत्र में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। भोजन के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ्। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रभारी राकेश चोरड़िया, मीना नाहर, रीना डुंगरवाल एवं सहयोगी ने बख़ूबी किया।

तीसरे सत्र में वार्षिक बैठक प्रारम्भ हुई्। मंगलाचरण के पश्चात स्व. शांतिलाल सुराणा को श्रद्धांजलि दी गईं। गत स्नेह मिलन की रिपोर्ट का वाचन सहमंत्री अरविन्द लोढ़ा ने किया। अध्यक्ष महोदय ने पधारे हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं परिषद् की विशेष जानकारी प्रस्तुत की। आचार्य महाश्रमण तेरापंथ जैन पब्लिक स्कूल- माधावरम के चेयरमेन तनसुखलाल नाहर, महामंत्री सुरेश नाहर, उत्तर चेन्नई तेरापंथ सभा अध्यक्ष इंदरचंद डुंगरवाल, दिवेर के वयोवृद्ध श्रावक मदनलाल नाहर एवं वयोवृद्ध श्राविका शांतादेवी नाहर का माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। तनसुखलाल नाहर एवं बाबूलाल डुंगरवाल ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। मास्टर चिन्मय चोरड़िया ने गीत द्वारा सबका दिल जीत लिया। सुश्री दीप्ती नाहर द्वारा पॉडकास्ट, जो स्वयं की स्क्रिप्ट एवं आवाज में था, सभी को सुनाया, उससे सम्बंधित विचार प्रस्तुत किया। तत्पश्चात खेलकूद में विजेता सदस्यों का पारितोषिक प्रदान किया। स्नेह मिलन के सफल आयोजन में ज्ञानचंद चोरड़िया, अरविंद लोढ़ा, बी अरविंद डुंगरवाल एवं सी नरेन्द्र डुंगरवाल योगभूत बनें। कार्यक्रम का संचालन सुरेश नाहर ने किया।



# प्रतियोगी परीक्षा के लिए उपयोगी पुस्तक 'बीएससी फेल, आईपीएस पास' के नए संस्करण का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गत सोमवार को शहर के जयनगर 4 ब्लाक स्थित युव पथ के सभागार में 'बीएससी फ़ेल, आईपीएस पास' पुस्तक का विमोचन हुआ्। इस पुस्तक के मूल लेखक हैं सेवा निवृत आईपीएस डा. डीवी गुरुप्रसाद, जिन्होंने इसी शीर्षक के साथ इस पुस्तक को कन्नड़ एवं अंग्रेजी में प्रकाशित किया है। उसका हिंदी में अनुवाद किया है डा. मैथिली प्र. राव ने और यह कानपुर के वान्या प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हुई है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डॉ. टी वी राजू ,जो वर्तमान में आरवी शैक्षणिक संस्थानों के नियोजन निदेशक, आरवी शिक्षक महाविद्यालय के प्रशासन निदेशक और आरवी प्रशिक्षण अकादमी बेंगलूरु के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं्। डॉ. डीवी गुरुप्रसाद ने कर्नाटक विश्वविद्यालय धारवाड़ से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर और पीएचडी की है। वे वर्ष 1976 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में शामिल हुए और उन्हें कर्नाटक कैडर मिला। वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त होने से पहले उन्हें अपने महकमे के अनेक पदों पर विभाग को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी बदलाव लाने का श्रेय दिया जाता है। अपने जीवन और पेशेवर अनुभवों से आकर्षित होकर, उन्होंने 70 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं्। एक उत्साही यात्री, अंग्रेजी और कन्नड़ में उनके यात्रा वृत्तांत बहुत लोकप्रिय हैं्। उन्होंने डेक्कन हेराल्ड, प्रजा वाणी और अंग्रेजी और कन्नड़ के कई अन्य महत्वपूर्ण दैनिक समाचार पत्रों में नियमित रूप से लिखे गए अपने स्तंभों के माध्यम से सभी को प्रेरित किया है।

'बीएससी फ़ेल, आईपीएस पास' प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करने के बारे में उनकी लिखी किताबों की श्रृंखला में से एक है। यह कन्नड़ और अंग्रेजी में सर्वाधिक लोकप्रिय पुस्तक है, जिसका क्रमशः चौथा और तीसरा संस्करण प्रकाशित हुआ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले युवाओं के लिए ये किताबें बहुत मददगार रही हैं्।



# 'रजत' द्वारा राज्य परिषद अधिवेशन 5 को ऊटी में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) की राज्य परिषद समिति की बैठक में अध्यक्ष प्रवीण टाटिया ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि हर वर्ष का राज्य परिषद अधिवेशन ऊटी में 5 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।

रजत के पूर्व अध्यक्ष व राज्य परिषद चेयरमैन मोहनलाल बजाज ने कहा कि यह अधिवेशन ऊटी में डेक्कन पार्क रिसोर्ट में 5 जनवरी को मुख्य अतिथि रिसोर्ट के मालिक दौलत जैन द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। अधिवेशन के संयोजक देवराज जैन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इस समारोह में क़रीब 150 से भी अधिक चेन्नई के अलावा स्थानीय रजत की अन्य शाखाओं कोयंबतूर, इरोड़, कांचीपुरम, मदुरै, सेलम, मेट्टुपालयम, मदुरांतकम, ऊटी व अन्य कई क्षेत्रों से प्रतिनिधि उपस्थित होंगे।

अधिवेशन के सह चेयरमैन व रजत उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीश्रीमाल ने यह पुष्टि की कि इस अधिवेशन में तमिलनाडु व पुडुचेरी प्रवासी राजस्थानी भाइयों के मेल मिलाप एवं सौहार्द के साथ साथ अपने अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों का ब्यौरा साझा करेंगे। महामंत्री हेमन्त दुगड़ ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में कोयंबतूर के गौतमचंद श्रीश्रीमाल व ऊटी के अतुल जैन भी उपस्थित होंगे । तथा पूर्व अध्यक्ष ऊटी प्रवासी धनराज टाटिया आतिथ्य प्रबंधन व मेहमाननवाज़ी के प्रायोजक होंगे।

अध्यक्ष ने कहा कि दौलत जैन ने इस अधिवेशन के लिए अपना रिसोर्ट नि:शुल्क उपलब्ध कराया है तथा सभी जिला शाखाओं से आग्रह किया है कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में प्रतिनिधि भाग लेकर अधिवेशन को सफल बनाएं।

अधिवेशन को सफल बनाने में कार्यरत विवेक बंब, अजय नाहर, दौलतराज बांठिया, दिलीप बोहरा, सैलेष संघवी, विनोद जैन, आसकरन कोचेटा, राजेंद्र बेताला, राधेश्याम मूंदड़ा, जयंतीलाल तेलीसरा व अन्य समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# विश्व जैन सम्मेलन में होगा डॉ. दिलीप धींग का व्याख्यान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्रुत रत्नाकर व श्री महावीर जैन विद्यालय (अहमदाबाद), वर्ल्ड जैन कॉन्फेडरेशन (मुंबई) तथा फेडरेशन ऑफ जैन एसोसिएशन इन नॉर्थ अमेरिका (जैना) के संयुक्त तत्वावधान में चौथा अंतरराष्ट्रीय जैन सम्मेलन 11-12 जनवरी को गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में होगा। अंतरराष्ट्रीय प्राकृत केन्द्र के पूर्व निदेशक डॉ. दिलीप धींग इस विश्व सम्मेलन में तमिल संस्कृति को जैन धर्म का योगदान विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे और अपना व्याख्यान देंगे।

संयोजक डॉ. जितेन्द्र बी. शाह ने बताया कि भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण कल्याणक वर्ष की संपूर्ति पर इसमें भगवान महावीर के निर्वाण के पश्चात 2550 वर्षों की अनमोल धरोहर का लेखा-जोखा किया जाएगा। डॉ. धींग तमिलनाडु में जैनों के योगदान को रेखांकित करेंगे। कॉन्फ्रेंस में विश्व के अनेक देशों के विद्वान, विचारक और विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजन भाग लेंगे।

# श्रीराम प्रॉपर्टीज ने चेन्नई में 3.9 एकड़ वाणिज्यिक जमीन बेचने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्रीराम प्रॉपर्टीज ने चेन्नई में अपने वाणिज्यिक 3.9 एकड़ जमीन एक बड़े स्वास्थ्य सेवा समूह को बेचने की घोषणा की है। कंपनी ने अपने स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसपीएल शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से यह सौदा किया है जिसे वर्तमान में रिटेल कार्यों के विकास हेतु मंजूरी दी गई है यह भूमि जीएसटी रोड पर स्थित है। यह एक आवासीय भूमि है जिसे श्रीराम पार्क 63 के नाम से जाना जाता है। यह रिटेल तथा अन्य व्यावसायिक कार्यों के विकास में महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करता है। श्रीराम प्रॉपर्टीज ने अपनी आवासीय अचल संपत्तियों के विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने हेतु कंपनी में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों में इक्विटी होल्डिंग के माध्यम से जमीन का मुद्रीकरण कर आय अर्जित करने का फैसला लिया है। श्रीराम प्रॉपर्टीज के मुख्य कार्यकारी निदेशक मुरली मैयप्पन ने इस अवसर पर कहां है कि यह लेनदेन मौजूदा गैर प्रमुख भूमि पार्सल से मूल्य अनलॉक करने और विकास वित्त पोषण आवश्यकताओं के लिए पूंजी को फिर से लगाने की कंपनी की योजना है जो एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह कदम विवेक पूर्ण वित्तीय प्रबंधन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है जिस से वह अपने पोर्टफोलियो में आवासीय परियोजनाओं के विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।



# टीपीएफ सेन्ट्रल की प्रेक्षाध्यान कार्यशाला में वार्षिक कैलेंडर विमोचित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम(टीपीएफ) बेंगलूरु सेंट्रल और प्रेक्षा फाउंडेशन द्वारा तुलसी चेतना केंद्र प्रांगण में दो दिवसीय प्रेक्षाध्यान कार्यशाला का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में हुआ। साध्वीश्री ने भाव शुद्धि के लिए प्रेक्षा ध्यान के महत्व को रेखांकित किया और सभी को अपने जीवन में इसे अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यशाला में 60 सदस्यों ने प्रेक्षा ध्यान एवं कायोत्सर्ग का लाभ उठाया। प्रेक्षा फाउंडेशन से राजेंद्र मोदी ने सभी को योगासन का अभ्यास कराया। इस मौके पर टीपीएफ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचनसाध्वीश्री के सान्निध्य में किया गया जिसमें टीपीएफ साउथ जोन के अध्यक्ष विक्रम कोठारी, स्पिरिच्युलिटी संयोजक संजय चोरडिया, सेंट्रल के अध्यक्ष पुष्पराज चोपड़ा एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र आंचलिया सहित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धारीवाल और पूर्व अध्यक्ष डॉ. निर्मल संचेती की उपस्थिति रही। कार्यशाला का संयोजन डॉ. निशा मेहता और पवन बच्छावत ने जबकि संचालन पवन बच्छावत ने किया।

## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में मद्रास इलेक्ट्रिक ट्रेड एसोसिएशन के वर्ष 2025 के कैलेन्डर का विमोचन एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरालाल जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया।



# ज्ञानशाला के बच्चों ने आचार्यश्री महाश्रमण के साथ की पद यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ सभा गांधीनगर के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति संकाय, ज्ञानशाला से लगभग 87 बालक एवं बालिकाओं के साथ शिक्षक, शिक्षिकाएं व संयोजक आदि ने आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन कर रास्ते की सेवाएं दी। ज्ञानशाला के बच्चों ने 5 दिन में लगभग 63 किलोमीटर तक के रास्ते की पैदल सेवा की। उपस्थित बच्चों व शिक्षकों ने आचार्यश्री सहित अन्य साधु साध्वियों के दर्शन किए व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस गुरु सेवा कार्य में ज्ञानशाला संयोजक जुगराज श्रीश्रीमाल, पारसमल नाहर, पारसमल डोसी, हेमंत छाजेड़, केंद्रीय व्यवस्थापक कमलेश पितलिया, सह संयोजक गौतम डोसी आदि उपस्थित हुए।

## विरोध मार्च



पटना में पुलिस कर्मियों ने मंगलवार को बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ राजभवन की ओर विरोध मार्च के दौरान राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के विधायकों को रोकते हुए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वर्णाभिषेक

बेंगलूरु के महालक्ष्मीलेआउट स्थित स्फटिक श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दादा का नवस्मरण करते हुए स्वर्ण कलश से अभिषेक किया गया। साध्वीश्री गुरूआज्ञानिधिजी ने मंत्रोच्चार किया तथा अभिषेक के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अभिषेक एवं स्वर्ण कलश के लाभार्थी नरेशकुमार महेंद्रकुमार बंबोरी परिवार के साथ हम साथ साथ ग्रुप, महिला मंडल के सदस्यों एवं अन्य श्रावक श्राविकाओं ने लाभ लिया।

# एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट आठ साल बाद तलाक समझौते पर पहुंचे



लास एंजिलिस/एपी। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट का आधिकारिक रूप से तलाक हो गया है तथा हॉलीवुड के इतिहास में यह सबसे लंबे और विवादास्पद तलाक में से एक रहा है। उनके अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। जोली के अधिवक्ता जेम्स साइमन ने सोमवार को दंपति के बीच तलाक को लेकर हुए समझौते की पुष्टि की और पीपल पत्रिका ने सबसे पहले तलाक के संबंध में खबर दी थी। साइमन ने एक बयान में कहा, आठ साल से भी अधिक समय पहले एंजेलिना ने पिट से तलाक के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों के साथ पिट से अलग रह रहीं थीं। अभी तक कोई भी अदालती दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया है और समझौते पर एक न्यायाधीश के हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होगी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.